CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

हल्द्वानी, मंगलवार 10 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 166 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त राज्य: योगी पेज 2



पाकिस्तान-भारत वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे खेल टाइम्स



और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर सम्पादकीय




एपस्टीन फाइल्स:10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच पेज 12

# विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं उप्र की राज्यपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: आप लोगों का यही हाल रहा तो शून्य तक पहुंच जाएंगे, आनंदीबेन ने अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां**



**लखनऊ।** उप्र राज्य विधानमंडल में बजट सत्र के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान वह विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं।

उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि आप लोगों का यही हाल रहा, तो शून्य तक पहुंच जाएंगे। अपने भाषण के दौरान कहा कि 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश /2047' विजन डॉक्यूमेंट को साकार करने के लिए सदन में अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई है। मार्च 2017 के बाद प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचा, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 18 राज्य विश्वविद्यालयों ने नैक में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जहां नैक ए प्लस प्लस श्रेणी का कोई भी विश्वविद्यालय नहीं था, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 9 हो गई है। इनमें 4 विश्वविद्यालय नैक 'ए प्लस' और 5 विश्वविद्यालय 'ए' श्रेणी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष में नैक प्रत्यायित संस्थानों की संख्या 95 से बढ़कर 161 हो गई है। इसके साथ ही क्यूएस एशिया -शेष पृष्ठ दो पर

## सदन में पेश हुई पहली आर्थिक समीक्षा, प्रदेश में बढ़ी है प्रति व्यक्ति आय

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई। इसके उपरांत विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में स्थान अब करीब नौ प्रतिशत से ज्यादा हो गया, जो कि 2016-17 में लगभग आठ प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1.20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति होने की संभावना है। इससे पहले बजट सत्र के आरंभ से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का एजेंडा सामने रखा। सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में रखेगी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील भी की। वहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ सत्र में पहुंचे। यह बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा।

## नरवणे की अप्रकाशित किताब सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर FIR

■ दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आगामी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही हैं। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के लितान में हिंसा भड़की, 25 घर फूंके

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के व्यावसायिक कस्बे लितान में तनाव बना हुआ है। हालांकि भारी सुरक्षा तैनाती के बीच फिलहाल माहौल शांत है। पुलिस के अनुसार, तांगखुल नागा और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लितान और उससे सटे मंगकोट गांव में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन जारी है। रविवार देर रात करीब 11:30 बजे लितान बाजार में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने स्वचालित हथियारों और राइफलों से गोलीबारी भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसा में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर जलकर खाक हो गए हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई, जिसमें तांगखुल नगा समुदाय के स्टर्लिंग नामक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट हुई थी। बाद में उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उखरुल के जिला मजिस्ट्रेट ने लितान में कर्फ्यू लगा दिया है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पारा माइनस 24 डिग्री

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में सोमवार को 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर 10 डिग्री सेल्सियस डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही।

### इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

**बेंगलुरु।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मान्स माउटन (एमएम-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मान्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है।

# एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे: सुप्रीम कोर्ट

## बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ता बढ़ाई

**डीजीपी से मांगा हलफनामा**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए।

चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। किसी को भी पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर में रुकावट डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के -शेष पृष्ठ दो पर

### सेंगर की याचिका पर 'प्राथमिकता के आधार पर' सुनवाई करे दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उन्नाव में हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र की जाए और इस अपील का निस्तारण अधिमानत तीन माह के भीतर किया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सेंगर की अपील के साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा सजा बढ़ाने के लिए दायर अपील तथा सह-आरोपियों की अपीलों की संयुक्त रूप से सुनवाई की जाए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी।



### हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, सरकारी कार्यालय बदलने को सरकार आजाद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई गई थी। न्यायालय ने कहा कि किसी संस्था के मुख्यालय का स्थानांतरण नीति से जुड़ा विषय है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश अत्यंत सीमित होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि किसी संस्था के मुख्यालय को स्थानांतरित करना एक नीतिगत निर्णय है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कानूनी वार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शूटिंग वीडियो मामला
■ पूर्व एलजी समेत 12 लोगों ने दाखिल की याचिका

**नई दिल्ली।** एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मुसलमानों को घुसपैठियों और विदेशी समर्थकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भले ही ये भाषण सीधे तौर पर हेट स्पीच कानून के दायरे में न आते हों, लेकिन इनका मकसद संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सार्वजनिक भाषणों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक पदधारक साधारण वक्ता नहीं होते। उनके शब्द राज्य का प्रभाव रखते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करते हैं और संवेदनशील समुदायों पर हानिकारक असर डाल सकते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018), जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2019) और गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) के फैसलों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक नैतिकता लोकप्रिय भावना पर हावी होनी चाहिए।

## न्यायालय परिसर के भीतर हिंसा की घटनाएं गुंडा राज: शीर्ष कोर्ट

■ कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा: यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है।

न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक 'उल्लेख' पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया, जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी।

## खालिस्तानी धमकियों भरे ईमेल से संसद और दिल्ली के स्कूलों में सुरक्षा अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थकों ने दिल्ली में संसद भवन को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके बाद संसद परिसर के आसपास सुरक्षा बहुत बढ़ा दी गई है। सोमवार को दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भी भेजे गए, जिनमें बम विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी और हिंदुस्तान बनेगा खालिस्तान के नारे लिखे हुए थे। ये ईमेल ज़ैकरी जेनकिस नाम के व्यक्ति ने भेजे थे।

## लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई

■ राहुल बोले: स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे, रिजिजू बोले: कोई कमिटमेंट नहीं
■ लोस की कार्यवाही स्थगित, विपक्ष स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि एक घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है।

## भारत ने नेपाल की सेना को 50 सैन्य वाहन सौंपे

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने नेपाल के साथ रक्षा सहयोग और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को औपचारिक रूप से काठमांडू में आयोजित होने वाले एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा दिया भेंट किया जाएगा।

## लोकसभा अध्यक्ष पर संसदीय अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस की महिला सांसदों ने पत्र लिखकर लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सत्ताधारी भाजपा के दबाव में विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ 'झूठे, निराधार और अपमानजनक' आरोप लगाने और विपक्ष के संसदीय अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस सांसद एस. जोतिमणि के लेटरहेड पर सोमवार को भेजी गई एक कड़ी आपत्ति में, महिला सांसदों ने लोकसभा में लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की। पत्र में विशेष रूप से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की अनुमति देने से बार-बार इन्कार किए जाने पर सवाल उठाया गया है। पत्र में कहा गया है कि अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक कार्यालय है जिसका उद्देश्य संसद की गरिमा की रक्षा करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और पार्टी संबद्धता से परे सभी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है। इसमें कहा गया है कि पिछले चार दिनों से लगातार स्थापित संसदीय परंपरा का 'जानबूझकर उल्लंघन' किया गया है। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि जहां राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया गया, वहीं इंडिया गठबंधन के आठ सांसदों को 'सत्तारूढ़ दल के इशारे पर' निलंबित कर दिया गया, जबकि एक भाजपा सांसद को सदन में पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ 'अभद्र और अश्लील' टिप्पणी करने की अनुमति दी गई।

## सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुख: प्रियंका

■ बोलीं: सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, यह बहुत दुख की बात है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के 10 जिले घने कोहरे की चपेट में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है, जिससे तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने तराई वाले 10 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 अन्य जिलों में खराब मौसम की आशंका जताई है। राजधानी लखनऊ समेत उत्तरी यूपी में रातें ठंडी होंगी, हालांकि अगले कुछ दिनों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसी प्रकार बाकी के 52 जिलों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से जारी ताजा बुलेटिन के मुता. बिक तराई वाले जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बरेली और पीलीभीत समेत आसपास के इलाकों में आज घना कोहरा छाया रहा। इन जिलों में सुबह के वक्त दृष्यता 10 मीटर से भी कम रही। इसी प्रकार बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, संत कबीरनगर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, अंबेडकर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान तापमान में ज्यादा परिवर्तन होने की कोई संभावना नहीं है।

### केजीएमयू के छह मजारों को दूसरी बार नोटिस जारी

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर में मौजूद मजारों को हटाने के लिए जारी पहली नोटिस का समय बीत चुका है, फिर भी मजारें हटाई नहीं गई हैं। अब केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। केजीएमयू परिसर में बनाई गई 6 मजारों को दूसरा नोटिस दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने 22 जनवरी को मजारों को हटाने के लिए पहला नोटिस दिया था। इन मजारों को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था।

### विधानमंडल में बजट सत्र के दौरान बोले सीएम योगी

# यूपी अब बीमारू नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के मौके पर कहा कि जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल यह राज्य अब 'बीमारू' नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त राज्यों की श्रेणी में आता है, जो गर्व की बात है।

योगी ने सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य अब देश में सशक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सदन के नेता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संसदीय परंपराओं के अनुरूप



■ बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडे होते हैं पहला राज्यपाल का अभिभाषण, दूसरा सामान्य बजट

बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी और इसके बाद सदन में सामान्य बजट पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडा होते हैं। पहला राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं का दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को संबोधित किया जाता है। इस पर सदन में माननीय सदस्य विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट सत्र की कार्यवाही 20 फरवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक 'बीमारू राज्य' कही जाने वाली छवि को बदला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में ब्रेक थ्रू किया है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं।

### बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा। योगी ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होना चाहिए और प्रदेश सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## पंजाब के लॉ कॉलेज में छात्रा का मर्डर कर की आत्महत्या

चंडीगढ़, वार्ता

पंजाब के तरनतारन जिले के गांव उस्मा में स्थित एक मशहूर लॉ कॉलेज में सोमवार सुबह एक नौजवान छात्र ने कॉलेज कैंपस के अंदर ही अपनी साथी छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं युवक ने मौके पर ही खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली, उसकी भी मौत हो गई है।

गोली लगने से लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले के बाद कॉलेज में मौजूद छात्र और स्टाफ में भगदड़ मच गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मरने वाली छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई, वहीं गोली मारने वाले शख्स का नाम प्रिंस राज है। जैसे ही घटना का पता चला, मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध जताया। परिवार और पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि इतना मशहूर कॉलेज होने के बावजूद सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि

■ परिजनों का आरोप पुलिस ने सही जानकारी नहीं दी

एक नौजवान छात्र कॉलेज के अंदर पिस्तौल लेकर आया है, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मैनेजमेंट समेत वहां के प्रिंसिपल के खिलाफ सही एक्शन लिया जाना चाहिए, क्योंकि घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने परिवार को सच नहीं बताया। परिवार वालों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने सिर्फ उनसे इतना ही कहा कि वे लोग जल्द कॉलेज पहुंचे। उनकी बेटी घायल है।

परिवार के सदस्यों ने कहा कि जब वे कॉलेज पहुंचे, तो उनकी बच्ची मरी हुई पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने अपनी तरफ से वकील और पुलिस बुला ली है और उन्हें उनकी बेटी का चेहरा भी नहीं देखने दिया जा रहा है और न ही इस मामले में कोई जानकारी दी जा रही है। इस बीच इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे जांच अधिक. ारी ने मामले की अच्छी तरह से जांच की है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ली है।

## आंनदीबेन का संबोधन विकास से दूर: मायावती

### बसपा ने गंभीर सवाल खड़े किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत पर राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार दिया गया यह संबोधन प्रदेश के वास्तविक विकास, सर्वसमाज के उत्थान और व्यापक जनहित के मुद्दों से भटका हुआ नजर आया।

यह वास्तविक व थोड़ा उत्साही होता, तो यह बेहतर होता। सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि वास्तव में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज के करोड़ों लोग सरकार की गलत नीतियों व



कार्यकलापों आदि से दुखी व त्रस्त हैं। जिसके प्रति राज्यपाल को सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहिए था। प्रदेश की जनता के साथ-साथ विपक्ष को भी थोड़ा आश्वासन मिलता, विपक्ष की नारेबाजी होती रही तथा हंगामा भी होता रहा। राज्यपाल के सम्बोधन में भाजपा की सरकार द्वारा जनहित व जनकल्याण सम्बंधी बड़े-बड़े दावों, आश्वासनों, घोषणाओं व वादों आदि को पूरा करने सम्बंधी विवरणों का अभाव भी लोगों की चिन्ता का कारण रहा।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का वेतन संकट गहराया, संघ ने की हस्तक्षेप की मांग


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर 2025 से वेतन न मिलने के कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के समक्ष कड़ा विरोध जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता और महामंत्री योगेश उपाध्याय की ओर से उपमुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एनएचएम के तहत कार्यरत अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मी पूरी तरह अपने मासिक वेतन पर निर्भर रहते हैं। लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई, भोजन, दवा और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

## डा. मिर्जा शफीक ने देश का नाम रोशन किया: राज्यपाल

पटना, वार्ता

बिहार के राजपाल आरिफ़ मुहम्मद खान ने कहा है कि उर्दू स्कॉलर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने देश का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए उन्हे अपनी किताबें 'इरफान सिद्दीकी,शख्स और शायर' और सेरफि ए अदब भेंट कीं। गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान ने कहा कि डा. मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक ने बहुत कम समय में उर्दू अदब में अपनी एक अलग और खास जगह बनाई है। उर्दू आलोचना को लेकर अदब की दुनिया में उनका नाम बड़े आदर और तहजीब से लिया जाता है। जिस तरह उन्होंने अदब की दुनिया में नाम कमाया



है, उसी तरह वे इस्लामी दुनिया में भी एक बेमिसाल वक्ता के तौर पर मशहूर हैं। उनकी लिखी दर्जनों किताबें आज हमारे अदब का बहुत कीमती खजाना हैं। आरिफ मुहम्मद खान ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि डा. मिर्जा शफीक हुसैन शफक इसी लगन से अदब और दीन की सेवा करते रहेंगे और देश का नाम रोशन करने में अपना योगदान देते रहेंगे। डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर हाउस में हुए स्वागत के लिए बिहार के गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान का शुक्रिया अदा किया।

## जैव विविधता प्रबंधन समितियों को 46 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता संरक्षण और जैविक संसाधनों के इस्तेमाल से प्राप्त लाभ का पारदर्शी तथा समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों के बोर्डों को 45.05 लाख रुपये वितरित किए है। आधिकारिक सूचना में सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जैव-विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव-विविधता परिषदों के जरिए लाभार्थियों को यह राशि दी जाएगी। इस भुगतान से 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित 90 से अधिक जैव विविधता प्रबंधन समितियों और आंध्र प्रदेश के 15 लाल चंदन किसानों को लाभ मिलेगा। जिन राज्यों को यह सहायता दी गई है, उनमें तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और लद्दाख शामिल हैं। यह लाभ-साझाकरण की राशि विभिन्न जैविक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न हुई है, पहुंच और लाभ-साझाकरण व्यवस्था के तहत, कंपनियों द्वारा अर्जित व्यावसायिक लाभ का एक हिस्सा संबंधित समुदायों को लौटाया जाता है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है, बल्कि उन्हें जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरणा भी मिलती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84065.75
निफ्टी 25867.30



सोना रु. 157400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 261000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065. 75 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और भारत के बीच अंतरि. रम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 7 फरवरी को जारी साझा वक्तव्य में इसकी मुख्य बातों का खुलासा किया गया था। इससे



आज निवेश धारणा को मजबूती मिली और बाजार में तेजी रही। बाजार में आज चौतरफा लिवाली रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सात प्रतिशत से अधिक उछला। टाइटन, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट में ढाई से तीन प्रतिशत के बीच बढ़त रही। इटरनल, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच चढ़े। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनी. लिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड और आईटीसी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में भारी इजाफा

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त देखने को मिली है। सोमवार दोपहर 3 बजे के करीब एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,57,400 रुपये/10 ग्राम के करीब है। आज सोने में 1.25 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। वहीं चांदी की कीमतें आज सुबह से 4.45 प्रतिशत या 11,108 रुपये तक बढ़ चुकी है। चांदी फिलहाल एमसीएक्स पर 2.61 लाख/ किलो के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था।अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। एक्सपर्ट ने चांदी की कीमतों पर बताया है कि मार्केट में डिमांड बरकरार है। प्रॉफिट बुकिंग अगर कम हो जाती है, तो एक बार फिर से चांदी के रेट में बड़ा इजाफा देखने को मिल सकता है। सोने-चांदी में आज निवेशकों ने खरीदारी का माहौल बनाया है।

## चावल ,चीनी, दालें महंगी, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198 रुपये बढ़ गई। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिगिट बढ़कर 4,162 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमे.



रिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष की...**

रैंकिंग में सम्मिलित विश्वविद्यालयों की संख्या शून्य से बढ़कर 7 हो गई है। लखनऊ विश्व. विद्यालय और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एसडीजी श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। आनंदीबेन ने कहा कि कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) को नैक की सर्वोच्च ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिली है, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्व. विद्यालय, मेरठ और बांदा कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को नैक की 'ए' ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। नवम्बर 2019 से अब तक 35 माफिया और 94 सह-अपराधियों सहित कुल 129 को आजीवन कारावास अथवा अन्य अवधि के कारावास और अर्थदंड से दंडित कराया गया है। इस दौरान 2 मामलों में मृत्युदंड की सजा हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 267 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और 977 अभियुक्तों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरुद्ध किया गया है। माफिया अपराधियों से 4,137 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की जा चुकी है। शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो-दो विद्यालयों को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और एक-एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट वितरित किए गए हैं। वर्ष 2025-26 में दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा के अंतर्गत 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया। राज्यपाल ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जर्जर विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक 275 करोड़ रुपये की धनराशि से 590 सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को इस योजना से आच्छादित किया गया है। अंत में राज्यपाल ने कहा कि इन उपलब्धियों ने उत्तर प्रदेश की भावी विकास यात्रा को सुदृढ़ आधार दिया है और प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

**एसआईआर में रुकावट...**

अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है। राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सभी 8,555 ग्रुप बी अधिकारी, जिनकी सूची सोमवार को सौंपी गई है, शाम 5 बजे तक जिला चुनाव अधिकारियों (डीआरओ) को रिपोर्ट करें।

चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास मौजूदा ईआरओ और एईआरओ को बदलने और योग्य पाए जाने पर अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार होगा। तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं।

## ओवैसी ने असम के सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, वार्ता

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। हाल ही में भाजपा के असम राज्य के सोशल मीडिया अकाउंट पर मुस्लिम विरोधी वीडियो अपलोड किया गया था, जिसमें असम के मुख्यमंत्री सरमा मुस्लिम व्यक्तियों पर गोलियां चला रहे हैं। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद उस वीडियो को पोस्ट से डिलीट कर दिया गया। ओवैसी ने इस मामले को लेकर हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए असम सीएम के खिलाफ तुरंत आपराधिक कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार के पास सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने कहा कि उन्होंने (हिमंत बिस्वा सरमा) जानबूझकर और गलत इरादे से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर दो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी



■ मुसलमानों के खिलाफ हिंसक वीडियो को लेकर आपराधिक कार्रवाई की मांग की

बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश की एकता के लिए नुकसानदायक है। सांसद ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सरमा के खिलाफ उनके (अब डिलीट किए गए) हिंसक वीडियो के लिए क्रिमिनल एक्शन की मांग की गई है, जिसमें वे मुसलमानों को गोली मारते हुए दिख रहे हैं। ओवैसी ने पोस्ट किया कि दुर्भाग्य से नरसंहार वाली हेट स्पीच एक आम बात हो गई है। उन्होंने कमिश्नर को लिखा कि पिछले कई सालों से सरमा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, पब्लिक स्पीच और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई भाषण अभी भी पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं। पत्र में लिखा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर अपने हेट स्पीच तेज कर दिए हैं, जिनका साफ और सोचा-समझा इरादा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा देना है, यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि ऐसे इल्जाम देश की एकता के लिए नुकसानदायक हैं और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाते हैं। असम भाजपा के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से 7 फरवरी को पोस्ट किया गया एक हालिया वीडियो जिसे एक दिन बाद हटा दिया गया था, लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर मौजूद है।वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरें और पाइंट ब्लैंक शूट और नो मर्सी जैसे बयान जानबूझकर और गलत इरादे से किया गया काम है, जिसका मकसद मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और दुश्मनी को बढ़ावा देना और सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है।

# कुंभ से संबंधित सभी तैयारियां अक्टूबर तक हों पूरी: सीएम

■ मुख्यमंत्री ने की कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों की समीक्षा
■ अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में कुम्भ मेला-2027, हरिद्वार की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंभ से संबंधित सभी तैयारियों को अक्टूबर माह तक पूरा किया जाए। साथ ही कुंभ की आवश्यकताओं को देखते हुए सभी प्रकार के निर्माण कार्य तय समय के अंदर पूरे हों। सभी निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। शासन स्तर पर कुंभ से संबंधित कोई भी कार्य/फाइल लंबित न रहे। किसी भी कार्य को लंबित रखने पर संबंधित अधिकारियों की जवाब. दही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार की प्राथमिकता है की कुंभ मेले का भव्य दिव्य और सफल आयोजन हो।

मुख्यमंत्री ने सचिव, पीडब्ल्यूडी को अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में बने सभी पुलों का ऑडिट किया जाए। साथ ही कुंभ क्षेत्र में स्थित सभी घाटो का सौंदर्यकरण और आवश्यकता अनुसार पुनर्निर्माण कार्य भी किया जाए। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं के लिए हर की पैड़ी के साथ ही अन्य सभी घाटों में भी स्नान की व्यवस्था की जाए।

### वन संबंधित मामलों पर जल्द अनुमति ली जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संबंधित मामलों पर जल्द अनुमति ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अन्य प्रदेशों से भी परस्पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा मेले से संबंधित सभी विकास कार्य कागजों के साथ धरातल में भी दिखाई देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास व टेंट सिटी की तैयारी समय से पूरी करने एवं मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ मेला हमारी संस्कृति, आस्था और करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा धार्मिक आयोजन है। इस आयोजन को सफल बनाना हम सभी का कर्तव्य है। जो भी श्रद्धालु राज्य में आए वह अच्छा अनुभव यहां से लेकर जाएं।

बैठक में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, विधायक रेनू बिष्ट, विधायक अनुपमा रावत, विधायक रवि बहादुर, उत्तराखण्ड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल. फैनई, आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, सचिव नितेश झा, कुंभ मेलाधिकारी सोनिका सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कुंभ मेला क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों को भूमि आवंटन तय समय पर किया जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों को भूमि आवंटन तय समय पर किया जाए। इसकी मेलाधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। साथ ही सभी अखाड़ों, मठों ,संत समाज, संस्थाओं, समितियां एवं स्थानीय लोगों से परस्पर्म समन्वय किया जाए। साथ ही उनके सुझावों के अनुरूप मेले की तैयारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए कुंभ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण की खिलाफ अभियान चलाया जाए।

### मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। सभी प्रमुख स्थानों पर शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था हो। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों, जल पुलिस की तैनाती हो। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, सीसीटीवी , एवं अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग भी हो। उन्होंने कहा मेले के दौरान कानून व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन की विस्तृत कार्य योजना अलग से बनाई जाए।

# यू-प्रिपेयर की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक

■ सीएस ने यू-प्रिपेयर से संबंधित विभागों के प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में विश्व बैंक सहायतित उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट (यू-प्रिपेयर) की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गयी।

मुख्य सचिव ने यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर नारा. जगी भी जाहिर की। कहा कि यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित प्रोजेक्ट्स में तेजी लाए जाने हेतु इनकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। मुख्य सचिव ने योजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे 45 पुलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि 45 में से 31 का कार्य अवार्ड कर दिया गया है। सीएस ने बाकि 14 पुलों का कार्य 30 जून, 2026 तक अवार्ड किए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने लोनिवि द्वारा 8 सड़कों के निर्माण कार्य का आबंटन भी शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। सीएस यूएसडीएमए द्वारा विभिन्न स्थानों पर 10 डिजास्टर शेल्टर भी शीघ्र तैयार किए जाने की बात कही। उन्होंने डिजास्टर शेल्टर तैयार किए जाने सहित यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित सभी कार्यों की समयसीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने एसडीआरएफ की प्रशिक्षण सुविधा और 19 फायर स्टेशनों के निर्माण कार्य में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. वी. षणमुगम, विनोद कुमार सुमन, सी. रवि शंकर, रणवीर सिंह चौहान एवं आनन्द स्वरूप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मोहम्मद दीपक को जान से मारने की धमकी



■ सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी का वीडियो वायरल, पुलिस ने तत्काल लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** कोटद्वार में दुकान का नाम बदलने को लेकर हुए विवाद के बीच चर्चाओं में आए दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। साथ ही दो लाख रुपये का इनाम रखा गया है। दीपक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रथम दृष्टया आरोपी की पहचान राजा उत्कर्ष, निवासी मोतिहारी, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोटद्वार निवासी दीपक कुमार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से उन्हें जान से मारने के संबंध में 2 लाख रुपए का इनाम देने की धमकी दी गई है।

प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत पौड़ी पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कोटद्वार में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही शुरू की गई। तकनीकी एवं आवश्यक सूचनाओं के माध्यम से की गई जांच में सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को प्रसारित करने वाले युवक की पहचान उत्कर्ष कुमार, निवासी-मोतीहारी, बिहार के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा बिहार पुलिस से निरंतर संपर्क एवं समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्यवाही की गई तथा बिहार पुलिस के सहयोग से इस युवक को नजदीकी थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि उनके सोशल मीडिया पर फॉलोवर नहीं बढ़ रहे थे।

दीपक नामक व्यक्ति सोशल मीडिया में ट्रेंडिंग में चल रहा था, जिस कारण सोशल मीडिया पर प्रसारित इस पोस्ट को उसने केवल अपने सोशल मीडिया चैनल की व्यूज एवं रीच बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। जिससे उसके फॉलोवर और बढ़ जाएं तथा वीडियो में व्यक्त की गई जान से मारने की धमकी का किसी भी प्रकार का वास्तविक आपराधिक आशय नहीं था। इस प्रकरण में पौड़ी पुलिस टीम की ओर से युवक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# कोडीन युक्त कफ सिरप के निर्माण पर तत्काल रोक




■ आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के दिशा-निर्देशों में अवैध दवाओं पर सख्त प्रहार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (उत्तराखण्ड) ने सचिव स्वास्थ्य व आयुक्त सचिन कुर्वे के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में अवैध, घटिया एवं दुरुपयोग की आशंका वाली औषधियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि औषधि गुणवत्ता, लाइसेंस शर्तों और वैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक शाखा के अधिकारियों द्वारा एक औषधि निर्माण इकाई का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि सिरप के निर्माण की प्रक्रिया, कच्चे माल की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव एवं निर्धारित मानकों की विस्तार से जांच की गई। जांच में यह सामने आया कि संबंधित फर्म द्वारा निर्मित कुछ औषधियों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, जो जन स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकती थी।

गंभीर अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए विभाग ने बिना विलंब किए कोडीन युक्त कफ सिरप के विनिर्माण पर तत्काल रोक लगा दी। इसके साथ ही संबंधित औषधि का अनुज्ञापन अग्रिम आद. ेशों तक निलम्बित कर दिया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि औषधियों के निर्माण और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे आम नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ी होती है, इसलिए ऐसे मामलों में सख्ती अनिवार्य है।

**स्पष्ट नीति : नियमों से समझौता नहीं:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का स्पष्ट रुख है कि औषधि गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। विशेष रूप से कोडीन युक्त कफ सिरप जैसी औषधियों के दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए निगरानी और प्रवर्तन को और अधिक सशक्त किया गया है। विभाग का मानना है कि सखद्द्त नियंत्रण और निरंतर निगरानी ही नशीली एवं मन:प्रभावी औषधियों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगा सकती है।

### जनता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मानक अनुरूप औषधियां उपलब्ध कराना प्राथमिकता: जग्गी

अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (उत्तराखण्ड) ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट हैख्र्जनता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मानक अनुरूप औषधियां उपलब्ध कराना। औषधियों की गुणवत्ता से समझौता सीधे जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। कोडीन युक्त कफ सिरप एवं मन:प्रभावी औषधियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की गई है। जहां भी अनियमितता, लाइसेंस उल्लंघन या अवैध गतिविधि पाई जाएगी, वहां बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायिक स्तर पर भी सख्त संदेश:** प्रवर्तन के साथ-साथ न्यायिक मोर्चे पर भी विभाग को बड़ी सफलता मिली है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अंतर्गत जनपद नैनीताल में एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2019 और 2020 में दर्ज मामलों में सत्र न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तों को 12 वर्ष की कठोर कारावास की सजा तथा 1,20,000 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है। यह फैसला न केवल कानून की प्रभावशीलता को दर्शाता है, बल्कि अवैध नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़े तत्वों के लिए कड़ा संदेश भी है।

**पूरे प्रदेश में अलर्ट:** सचिव आयुक्त के निर्देश पर राज्य के सभी जनपदों के औषधि अधिकारियों को कोडीन सिरप एवं अन्य मन:प्रभावी औषधियों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं, निर्माण इकाइयों और वितरण नेटवर्क पर नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं।

# जनता मिलन की एडीएम केके मिश्रा ने संभाली व्यवस्थाएं

■ पैरा ओलंपिक खिलाड़ी की जमीन पर कब्जे का प्रयास विफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित 'जनता दर्शन' में शिकायतों का सैलाब उमड़ पड़ा। कुल 195 फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने ऑन-द-स्पॉट निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने पूरी जनसुनवाई प्रक्रिया के समन्वय और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की रूपरेखा तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई। नेशनल पैरा ओलंपिक खिलाड़ी विजय चौधरी की माता की भूमि पर अवैध कब्जे और पेड़ काटने की शिकायत पर डीएम ने तत्काल एसडीएम को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।कोटरा संतूर निवासी पूर्व सैनिक राजेश कुमार की जमीन पर अवैध कब्जे और उन पर दर्ज फर्जी मुकदमे को डीएम ने गंभीरता से लिया। एडीएम केके मिश्रा की देखरेख में हुई जांच के बाद पुलिस को मुकदमा खत्म करने और सैनिक को कब्जा दिलाने के आदेश दिए गए।

### एडीएम मिश्रा ने किया विभागों का समन्वय

जनता दर्शन में उमड़ी भीड़ के बीच एडीएम केके मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बिठाकर शिकायतों को श्रेणीबद्ध किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि भूमि विवाद, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और सिंचाई नहर जैसे गंभीर मामलों पर संबंधित अधिकारी दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि महिलाओं व बुजुर्गों के सम्मान से समझौता करने वाले अधिकारियों व भू-माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

# रोजगार सृजन के केंद्र में है पहाड़ी एवं सीमावर्ती जिलों से पलायन रोकथाम: भट्ट



■ पीएमवीबीआरवाई से दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजन को प्रतिबद्ध केंद्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजन की प्रतिबद्धता जताई है। लगभग 3 लाख करोड़ के बजट परिव्यय से संचालित इस योजना के अंतर्गत ही पहाड़ी और सीमावर्ती जिलों में पलायन रोकथाम में मददगार कोशिशें की जा रही हैं। जिसमें अनुकूल इको-टूरिज्म, बाग. वानी, हथकरघा, हस्तशिल्प और संबद्ध गतिविधियों को प्रमुख रूप से बढ़ाया जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा राज्यसभा में पर्वतीय एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में पलायन के सम्बन्ध में पूछे गए सवाल के जवाब यह जानकारी सामने आई है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार शोभा कारान्दलाजे ने बताया कि केंद्रीय द्वारा 1 अगस्त 2025 से विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) नामक रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। इस योजना की पंजीकरण अवधि 31 जुलाई 2027 तक दो वर्ष रखी गई है।

जिसका बजटीय परिव्यय 299,446 करोड़ है, जिससे 2 वर्षों की अवधि में पूरे देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित किया जाना है। जिसके तहत सरकार स्थानीय संसाधनों और तुलनात्मक लाभों के अनुरुप ग्रामीण रोजगार, कौशल विकास और स्व-रोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय रोजगार के अवसरों को मजबूत करते हुए रोजगार सृजन कर रही है।

पहाड़ी और सीमावर्ती जिलों को लेकर उन्होंने बताया कि कौशल प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप और उद्यमिता सहायता तक पहुंच बढ़ाकर वहां के युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार किया जा रहा है।

## राज्यपाल से की महानिदेशक, खुफिया एवं सुरक्षा उत्तराखण्ड अभिनव कुमार ने शिष्टाचार भेंट

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।**राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को लोक भवन में महानिदेशक, खुफिया एवं सुरक्षा, उत्तराखण्ड अभिनव कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।




# सीएम धामी से की सीबीएफसी अध्यक्ष प्रसून जोशी ने मुलाकात

■ कला, संस्कृति, साहित्य एवं सिनेमा से जुड़े विभिन्न विषयों पर की चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष, प्रख्यात लेखक, कवि एवं गीतकार प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रसून जोशी के साहित्य एवं सिनेमा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा कला, संस्कृति, साहित्य एवं सिनेमा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, लोक संगीत तथा राज्य में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य को फिल्म निर्माण एवं शूटिंग के अनुकूल केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा इसके लिए आवश्यक नीतिगत सहयोग एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में प्रसून जोशी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में उत्तराखंड में सिनेमा, साहित्य एवं सांस्कृतिक गति. विधियों के विस्तार के लिए सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

# एनआरएलएम के तहत 'सखी वन धन केन्द्र' का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सहसपुर ब्लॉक प्रमुख अर्चना रावत एवं जिला मिशन प्रबंधक सोनम गुप्ता द्वारा सोमवार को सहसपुर ब्लॉक के नया गांव पेलियों, ग्राम पंचायत भूडी चकमनसा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन और ट्राई फेड के सहयोग से स्थापित सखी वन धन केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मुन्नी शाह भी उपस्थित रही।

इस वन धन केन्द्र के माध्यम से बोकसा जनजाति के समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। केन्द्र में कुल 55 महिलाएं शामिल हैं, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न समूहों से जुड़ी हैं। इस केन्द्र में महिलाएं गांव में उत्पादित साबुत मसालों का क्रय, सफाई, पिसाई और पैकिंग करेंगी और उन्हें उच्च गुणवत्ता के साथ बाजार में उपलब्ध कराएंगी।

इस पहल से न केवल गांव में महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि किसानों को अपने उत्पाद बेचने का नया अवसर मिलेगा और उन्हें खेती में और रुचि बढ़ेगी। इस केंद्र के संचालन से महिलाओं के लिए स्वरोजगार, उनके परिवार और पूरे गांव की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में एनआरएलएम सहसपुर ब्लॉक मिशन मैनेजर संगीता मौर्य, एरिया कोऑर्डिनेटर इंदर सिंह चौहान, आईपीआरपी गीता नेगी, प्रगति सीएलएफ की अध्यक्ष और सचिव, सक्रिय महिलाएं, पशु सखी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने सरकार और एनआरएलएम के प्रति अपने हार्दिक आभार व्यक्त किए।

# पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** बागेश्वर के कपकोट में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप ने कपकोट-बागेश्वर को एडवेंचर टूरिज्म के राष्ट्रीय नक्शे पर स्थापित किया है।



पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप शानदार तरीके से संपन्न हुई। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे और पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने समापन समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस इवेंट में देश भर के 92 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया था। जिसमें से 78 पायलेट्स ने अपने कौशल का प्रदर्शन दिखाया। वहीं 55 पायलेट्स ने चारों राउंड पूरे किए। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के 34 पायलट्स ने प्रतिभाग किया। स्किल, सटीकता और रोमांच से भरपूर इस चैंपियनशिप ने न केवल प्रतिभागियों बल्कि आयोजकों और स्थानीय नागरिकों को भी गर्व की अनुभूति कराई। समापन अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि जनपद में पैराग्लाइडिंग एवं अन्य एडवेंचर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाएं हैं और आने वाले समय में यह क्षेत्र रोमांच प्रेमियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरेगा। उन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में पर्यटन विभाग, फ्लाई हिमालया एडवेंचर, जिला प्रशासन एवं कपकोटवासियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता को और बेहतर बनाने के लिए भविष्य में निरंतर प्रयास किए जाएंगे। प्रतियोगिता में मनीष उप्रेती ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1,00,000, द्वितीय स्थान पर रहे मनीष भंडारी को 50,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पंकज कुमार को 30,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं 5 महिला पायलटों को 5,000-5,000 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

वहीं इस दौरान जिलाधिकारी ने जालेख से उड़ान भरकर रोमांचक पलों का आनंद लिया और अपना अनुभव साझा किया। जिला पर्यटन अधिकारी पी के गौतम ने बताया कि प्रतियोगिता सकुशल सम्पन्न हुई जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा द्वारा भी सराहना की गई। प्रतिभागियों ने भी कपकोट की फ्लाइंग साइट की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख भावना साही, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोड़के, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उप जिलाधिकारी अनिल चन्याल, कार्यक्रम संचालन राम चंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों की राह से दूर हुआ अंधेरा मेयर ने की लाइट की स्थायी व्यवस्था

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** नगर में प्रवेश करने वाले शिव भक्त कांवरियों को बैलजुड़ी और काशीपुर क्षेत्र में प्रवेश करने पर अब अंधेरे का सामना नहीं करना होगा। इस रूट पर अब महापौर दीपक बाली द्वारा लाईटों की व्यवस्था कर दी गयी है। हालांकि महापौर बाली ने मेयर बनते ही शिव भक्त कांवरियों को होने वाली इस समस्या का अति गंभीरता से संज्ञान लिया था और पिछली बार उन्होंने अपने खर्चे से नए-ढेला पुल पर कांवरियों की सुविधा हेतु लाइटे लगवा दी थी लेकिन इस बार उन्होंने इस व्यवस्था को करीब 2 लाख रूपये के खर्चे से इस पूरे रास्ते पर 21 खंबे लगवाकर उन पर हाई मास्क लाइटें लगवाकर इसे परमानेंट कर दिया है। उल्लेखनीय है कि शिवरात्रि महापर्व पर वर्षों से उत्तराखंड के ही नहीं उत्तर प्रदेश के हजारों शिव भक्त कावरिये कांवर लेकर अपने-अपने दूर दराज के क्षेत्र में जाते हैं लेकिन उन्हें काशीपुर क्षेत्र में समस्या तब आती थी जब यहां बने ढेला पुल पर रोशनी की कोई भी व्यवस्था नहीं थी और अक्सर आम जनता के साथ-साथ कांवरियों के साथ दुर्घटनाएं भी हो जाती थी। महापौर ने कहा कि वैसे तो इस क्षेत्र की सड़क भी बहुत अच्छी स्थिति में है लेकिन फिर भी नंगे पैर कांवर लाने वाले शिव भक्तों को कोई कष्ट ना हो इसलिए सड़कों की सफाई का भी बेहतर इंतजाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों को कोई कष्ट नहीं होने दिया जाएगा और शहर के अंदर भी सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई है और जहां-जहां शिव भक्तों की सेवा हेतु भंडारे लगते हैं उन क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान रखा जाएगा।



## नाबालिग लापता, मुकदमा

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई क्षेत्र से एक नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों पर अपनी बेटी को षड्यंत्र के तहत बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से कीमती सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। एक व्यक्ति ने आईटीआई पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री चोरी छिपे एक मोबा. इल ोन का इस्तेमाल करती थी। जांच करने पर पता चला कि वह तीन अलग-अलग अज्ञात मोबाइल नंबरों पर लगातार बात कर रही थी। पिता का आरोप है कि वह मोबाइल फोन भी उन्हीं अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी बेटी को दिया था और उसे अपने झांसे में ले रखा था। बताया कि 5 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे वह किसी काम से बाहर गए थे और उनकी पत्नी पशुओं का चारा लेने गई थी। जब पत्नी घर लौटी, तो बेटी गायब थी। तलाशी लेने पर पता चला कि घर में रखे सोने का हार, सोने की अंगूठी और 36 लाख रुपये की नकदी भी गायब थी।

# डम्पर से कुचलकर बाइक सवार की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने टक्कर के बाद डम्पर में लगाई आग

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी चौकी अंतर्गत ढकिया नंबर एक में खनन सामग्री से लदे डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस टीम के पहुंचने से पहले आक्रोशित भीड़ ने डंपर में आग लगाकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने भीड़ को शांत कराया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम शिवनगर ढकिया नंबर नम्बर एक कुंडेश्वरी निवायी 60 वर्षीय जयपाल सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र चरण सिंह आज सुबह करीब 8 बजे बाइक सवार होकर कहीं जा रहे थे कि घर से कुछ ही दूरी पर पीछे से आ रहे खनन सामग्री से लदे डंपर संख्या यूपी21 सीटी 6364 ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही डंपर में आग लगा दी।



सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी व तहसीलदार पंकज चंदोला ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित भीड़ व मृतक के परिजनों और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मृतक जयपाल सिंह दूध का कारोबार करते थे। वहीं मृतक परिवार में मातम पसरा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और डंपर चालक की तलाश की जा रही है। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आगजनी में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। क्षतिग्रस्त डंपर और मोटरसाइकल को चौकी में खड़ कर दिया गया है।

## एक नजर

### वंचित कार्मिकों को पदोन्नति देने की मांग

**अल्मोड़ा।** विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर उत्तराचंल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से स्थानांतरण की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से मांग उठा रहे है, लेकर सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रही है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त हैं। कर्मचारियों ने मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के पारस्परिक स्थानातंरण करने समेत पदोन्नत से वंचित कार्मिकों को जल्द पदोन्नति देने की मांग उठाई। चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती कार्मिक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष टीका सिंह खोलिया, शंकर सिंह, भीम सिंह, नंदन सिंह, नंदू, अंकित तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, पान सिंह, सुनील फर्त्याल, रमेश महेरा समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### वेतन के लिए रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** वेतन भुगतान की मांग को लेकर उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारी मुखर हो गए हैं। सोमवार को कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द दो माह का वेतन देने की मांग उठाई। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद आह्वान पर अल्मोड़ा डिपो में रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। बांह में काली पट्टी बांधकर नाराजगी जताई है। कहा कि दो माह का वेतन अब तक नहीं मिलने से कर्मचारी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। वहीं, वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। कहा कि उन्हें दिसंबर और जनवरी दो माह का वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने जल्द वेतन का भुगतान करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां प्रदर्शन करने वालों में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष प्रदीप टम्टा, मंत्री राजकुमार टम्टा, प्रदीप कुमार, करण सिंह, गोधन सिंह, गोपाल दत्त जोशी, राजेंद्र प्रसाद, तारा दत्त जोशी, गिरीश चंद्र, भगवती नेगी, हरीश जोशी, मदन लाल, सुरेश जोशी, चंद्रशेखर जोशी, नवीन चंद्र, दीपक कुमार, धीरज लटवाल आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस थाने में कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा के साथ घर के बहला फुसला कर ले जाने व नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में 24 वर्षीय युवक को पॉक्सो अधिनियम में गिरफ्तार किया। वही पुलिस ने नाबालिग का सोमवार को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया गया। कपकोट पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की के फूफा ने विगत दिवस कपकोट पुलिस थाने में उसके भतीजी के साथ गरुड़ क्षेत्र निवासी हाल निवासी रीमा उड़ियार मनीष आर्या पुत्र सोहन लाल के खिलाफ नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने रविवार दोपहर में अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पीड़िता के अनुसार युवक ने उसके साथ 6 फरवरी को दुष्कर्म किया था। इधर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) 64 बीएनएस एल 5/6 में मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त का सोमवार को मेडिकल करने के बाद जिला न्यायालय में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि नाबालिक अपने बुआ के वहां से पढ़ाई करती थी।

लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों का पूर्ण कार्य बहिष्कार

### लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मियों का कार्यबहिष्कार

**बागेश्वर।** दो सूत्रीय मांगों को लेकर लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने सोमवार को पूर्ण कार्य बहिष्कार किया, जिससे कार्यालय का कामकाज प्रभावित रहा। कर्मचारी ईई लोनिवि कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। सभा में वक्ताओं ने पारस्परिक स्थानांतरण समय पर न होने और पदोन्नति सूची जारी न होने पर नाराजगी जताई। कर्मचारियों ने कहा कि वे लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन बार-बार चेतावनी के बावजूद मांगें पूरी नहीं हुईं।

### गाली-गलौज का आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस ने मेले में गाली-गलौज करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। रविवार को शामा क्षेत्र में आयोजित कुथईयाताल लीती मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह मेले में आए दुकानदारों के साथ गाली-गलौज और लड़ाई-झगड़ा कर रहा था। मेले की शांति व्यवस्था प्रभावित होते देख पुलिस टीम ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह उग्र होकर फसाद पर उतारू रहा। सार्वजनिक शांति भंग करने और उग्र व्यवहार के कारण आरोपी चंदन संह पुत्र दरबान संह निवासी ग्राम लीती को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया।

### संगठन:भाजपा कांग्रेस व यूकेडी के आगे निकली

**बागेश्वर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस और यूकेडी जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने में जुट गई हैं। भाजपा ने मेन बॉडी के साथ ब्लॉक स्तर, बूथ प्रमुख, पन्ना प्रमुख, बीएलए, और शक्ति केंद्र संयोजक सहित पूरी टीम का चयन कर लिया है। भाजपा के महामंत्री संजय परिहार ने बताया कि पार्टी हाईकमान की लगातार बैठकें चल रही हैं। वहीं, कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष, बूथ संयोजक, बीएलए और विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति की है, और बाकी पदाधिकारियों की सूची हाईकमान को भेजी जा चुकी है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने बताया कि संगठन की टीम पर जल्द ही हाईकमान की मंजूरी मिल जाएगी। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के अध्यक्ष मनोज जोशी ने बताया कि पार्टी ने जिले में कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की हैं और संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य जारी है। हालांकि, सपा और बसपा का जिले में संगठन अभी सक्रिय रूप से सामने नहीं आया है।

### बागेश्वर में जनता के द्वार शिविर आयोजित

**बागेश्वर।** विकासखंड गरुड़ के रामलीला मैदान में श्जन जन की सरकार, जनता के द्वारश शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में हुए इस बहुउद्देश्यीय शिविर में 262 लाभार्थी पहुंचे। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर आमजन की समस्याओं का समाधान किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में प्राप्त 67 शिकायतों में से 27 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों को शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए।

### स्कूटी चोरी, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** हॉस्पिटल के बाहर ख्ड़ी स्कूटी अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर स्कूटी चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला कटोराताल निवासी उमेश पाण्डे पुत्र देवी दत्त पाण्डे ने टांडा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 7 फरवरी को अपनी स्कूटी संख्या यूके18 यू-6417 से आवास विकास गया था तथा उसने स्कूटी तनेजा बेकरी जोशी हार्ट सेन्टर के सामने खड़ी की थी। इस दौरान अज्ञात चोर स्कूटी चोरी कर ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## अल्लीखां में हुए विवाद के दो आरोपियों को मिली जमानत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** मौहल्ला अल्लीखां में आई लव मोहम्मद को लेकर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान हुए विवाद के दो आरोपियों को न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश काशीपुर ने अग्रिम जमानत प्रदान की है। बता दें अल्लीखां में जुलूस के दौरान बवाल के बाद पुलिस ने नदीम अख्तर, हनीफ गांधी आदि समेत करीब 500 अज्ञात के साथ ही मारूफ पुत्र मोहम्मद जफर और आकिब के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उक्त मामले में अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता अली अनवर द्वारा पैरवी की गई। अली अनवर ने न्यायालय के समक्ष यह स्पष्ट किया कि अभियुक्त को प्रकरण में निराधार एवं तथ्यविहीन आरोपों के आधार पर झूठा फंसाया गया है तथा अभियुक्त का कथित घटना से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। पैरवी के दौरान अली अनवर एडवोकेट द्वारा मामले के समस्त तथ्यों, अभियोजन की कमियों, विवेचना की स्थिति तथा उच्च न्यायालय के पूर्व आदेश 17 अक्टूबर 2025 का विधिवत उल्लेख किया गया, जिससे यह सिद्ध हुआ कि अभियुक्त के विरुद्ध की गई कार्यवाही विधि एवं न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं थी। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने तथा समस्त अभिलेखों के अवलोकन के उपरांत यह पाया कि अभियुक्त के विरुद्ध विवेचना पूर्ण हो चुकी है, आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है तथा अभियुक्त का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इन तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया कि गिरफ्तारी की स्थिति में अभियुक्त को 50 हजार के व्यक्तिगत बंधपत्र एवं समान राशि के दो जमानतदारों पर रिहा किया जाए।

## सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**लालकुआं।** राज्य सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राइका मोतीनगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, जितेंद्र सिंगवान ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक रहने की अपील की और बताया कि 18 से 30 वर्ष के युवाओं की सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या है। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएन जोशी ने छात्रों को हेलमेट पहनने, गति नियंत्रित रखने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। चित्रकला प्रतियोगिता में सार्थक कुमार ने पहला, प्रियांशु बिष्ट और जैद खान ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सूरज बिनवाल ने पहला, संजय मौर्य और प्रियांशु ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुरेश भट्ट ने किया।



# केंद्रीय आम बजट में उत्तराखंड को मिली सौगातें: कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने आम बजट में उत्तराखंड को मिली सौगातों की जानकारी दी। वहीं, प्रदेश में कृषि भूमि को बचाने को लेकर चर्चा की। नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय आम बजट में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

कहा कि बजट में उत्तराखंड शिक्षा, स्वास्थ्य समेत रेल लाइन और किसानों के लिए कई प्रावधान रखा गया। कहा कि उत्तराखंड की कृषि भूमि में किसानों क लिए उद्यान विक. सित करने को प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश को मेडिकल टूरिज्म के रूप में भी विक. सित किया जाएगा। ताकि देश और विदेश से आने वाले सैलानियों को यहां वातावरण अनुकूल सुविधाएं मिल सके। यहां प्रेस वार्ता में मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्याक्ष महेश नयाल, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री दर्शन रावत, विनीत बिष्ट, पार्षद अमित साह मोनू समेत अन्य मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि धामी सरकार प्रदेश भर में डेस्टिनेशन मैरिज टूरिज्म को बढ़ावा देगी। इसके लिए सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा के बिनसर समेत प्रदेश भर में डेस्टिनेशन मैरिज टूरिज्म के लिए नौ स्थान चयनित किए गए है। इससे लोगों को रोजगार मुहैया होगा।



# शोध का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचे

## पंत विवि में आईसीएआर फल अनुसंधान परियोजना की 13वीं समूह चर्चा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित ऑल इंडिया कोआर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन फ्रूट्स की 13वीं समूह चर्चा का उद्घाटन डा. रतन सिंह सभागार में भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के 19 आईसीएआर संस्थानों और 22 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों, प्रतिनिधियों तथा छः राज्यों से आए प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा. ) मनमोहन सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर आईसीएआर के विभिन्न विशेषज्ञों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनमें डा. प्रकाश पाटिल, डा. दिलीप घोष, डा. जगदीश राणे, डा. एसके वर्मा और डा. सुभाष चंद्र शामिल थे। कुलपति प्रो. चौहान ने अपने संबोधन में अनुसंधान के परिणामों के प्रभावी प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि शोध का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड के बेडू और काफल फलों के उन्नयन का सुझाव दिया, साथ ही विश्वविद्यालय के उद्यान अनुसंधान केन्द्र, पत्थरचट्टा में नए फलों के रोपण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बदलते जलवायु परिस्थितियों में पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विशेष शोध कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। आईसीएआर के सहायक महा. निदेशक डा. वीबी पटेल ने वर्चुअल माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और फलों के उत्पादन में सुधार पर चर्चा की। उन्होंने कीवी की उत्पादकता बढ़ाने और पोषक तत्वयुक्त फलों की नई किस्मों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। डा. दिलीप घोष ने नींबू में हो रहे शोध कार्यों और बदलते मौसम के कारण उत्पन्न होने वाले रोगों और कीटों के प्रति प्रतिरोधी किस्मों के विकास पर जोर दिया। डा. जगदीश राणे ने भविष्य के उपकरणों में एआइ एप्लिकेशन का उपयोग करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान 'आम, अमरूद एवं लीची की उत्पादन वृद्धि हेतु प्रौद्योगिकी टोकरी' नामक प्रकाशन का विमोचन किया गया और छः राज्यों से आए प्रगतिशील किसानों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक शोध डा. एसके वर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और उत्तराखंड के माइनर फलों पर शोध कार्य की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन संयुक्त निदेशक, उद्यान और आयोजन सचिव डा. एके सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# 'समझौते से मुकर रहा है वन विभाग'

## किसान महासभा बागजाला ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को तराई पूर्वी वन प्रभाग के प्रभागीय वना. धिकारी (डीएफओ) से उनके हीरानगर स्थित कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बागजाला गांव में विभिन्न विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने और 24 नवंबर 2025 को हुए समझौते को शीघ्र लागू किए जाने की मांग को लेकर वार्ता की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बाग. जाला गांव की बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा 100 दिनों तक धरना दिया गया था। इसके पश्चात 24 नवंबर 2025 को उप जिलाधिकारी हल्द्वानी की उपस्थिति में एक लिखित समझौता संपन्न हुआ था।

इस समझौते में जल जीवन मिशन योजना को पुनः प्रारंभ करने, क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत, गांव में पहले से रह रहे परिवारों को घरों की मरम्मत की अनुमति देने, आवश्यकता अनुसार कमरा, किचन एवं शौचालय निर्माण की स्वीकृति, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के लिए सोलर/स्ट्रीट लाइट लगाने, क्षतिग्रस्त गूल व नहरों की मरम्मत तथा लंबे समय से निवास कर रहे ग्रामीणों को बिजली व पानी के नए कनेक्शन देने पर सहमति बनी थी। बैठक में वन विभाग की ओर से तराई पूर्वी डिवीजन के एसडीओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। समझौते के अनुपालन में जल संस्थान द्वारा जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत प्रस्ताव वन विभाग को भेजा गया है, किंतु अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इसी प्रकार भवन निर्माण एवं मरम्मत से संबंधित प्रस्ताव भी उप जिलाधिकारी कार्यालय से वन विभाग को प्रेषित किए गए हैं, जिनकी प्रगति अभी तक स्पष्ट नहीं है। प्रतिनिधिमंडल में भाकपा (माले) नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, प्रचार सचिव पंकज चौहान सहित हेमा आर्य, रेशमा, यासीन, रमेश, दिनेश पांडेय, मकसूद, हेमा देवी, अजीम समेत कई ग्रामीण सदस्य शामिल रहे।



## नगर निगम को बजट न मिलना चिंताजनक: पांडे

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर निगम अल्मोड़ा को अब तक विकास कार्यों के लिए ठोस बजट उपलब्ध नहीं कराया जाना बेहद चिंताजनक है। पार्षद वैभव पांडे ने कहा कि नगर की सड़कों, सफाई व्यवस्था, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर निगम को पर्याप्त धनराशि की आवश्यकता है। नगर की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने आला अधिका. रियों व सरकार के उच्च स्तर पर नगर निगम के लिए बजट स्वीकृत कराने की कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है, जो अल्मोड़ा की जनता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।



# 16.5 लाख से अधिक के गांजे सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नशे के विरुद्ध जीरो टोलरेन्स की नीति अपनाते हुए ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को साकार करने के पथ पर अग्रसर होकर नशे के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग कर अवैध रूप से गांजा, चरस व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे तस्करों पर कठोर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए है। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह के मार्गदर्शन में व सीओ रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत भुवन चंद्र जोशी व प्रभारी एसओजी सुनील धानिक के नेतृत्व में सोमवार को कोतवाली रानीखेत व एसओजी पुलिस टीम द्वारा अशोक द्वार के पास चेकिंग के दौरान रानीखेत से हल्द्वानी की ओर जा रही सफेद रंग की हुडई औरा कार यूपी 23 बीटी 0365 में सवार 03 तीन युवकों के कब्जे से कुल 66.288 किलो गांजा बरामद किया गया।

तीनों अभियुक्तों विकाश पुत्र अजय सिंह निवासी काशीपुर, खरमासी, अनमोल सिंह पुत्र बरीयाम सिंह, निवासी ग्राम रामनगर रोड रम्पुरा काशीपुर व जसपाल सिंह पुत्र विक्रम सिंह, निवासी ग्राम प्रतापपुर नंबर सात थाना नानकमत्ता जनपद उधम सिंह नगर को गिरफ्तार करते हुए कोतवाली रानीखेत में एडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई। कार को सीज किया गया। चेकिंग के दौरान रोके जाने पर चालक ने गाड़ी में टूरिस्ट होने और ट्रॉली बैगों में लगेज होना बताया, चेक करने पर बैगों में लगेज की जगह गांजा भरा मिला, तीनों शातिर तस्कर गांजा सराईखेत क्षेत्र से ठाकुरद्वारा मुरादाबाद की ओर ले जा रहा थे, जिसे ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने की फिराक में थे। पुलिस टीम द्वारा गांजा क्रय विक्रय स्त्रोतों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बरामद गांजे की कीमत 16,57,200 रुपये आंकी गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बृजमोहन भट्ट कोतवाली रानीखेत, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, आरक्षी कमल गोस्वामी, देवेंद्र सिंह कोतवाली व होमगार्ड मनोज सिंह करायत शामिल रहे।

# एसआईटी ने धनंजय पर कसा शिकंजा

❑ आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस के 38 मामले सामने आए

❑ कई जांच अधिकारी भी सवालों के घेरे में



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में जमीन धोखाधड़ी के मामलों में माहिर और फरार जालसाज धनंजय गिरी पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की एसआईटी सक्रिय हो गई है। हाल में पता चला है कि धनंजय के खिलाफ चेक बाउंस के 38 मामले दर्ज हैं, जिनमें से सभी एनआई एक्ट के तहत कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसके अलावा, धनंजय पर धोखाधड़ी के 9 और मुकदमे भी दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार बिहार से मजदूरी करने हल्द्वानी आया धनंजय गिरी ने उत्तराखंड में जमीनों की धोखाधड़ी का ऐसा नेटवर्क फैलाया कि कुछ ही समय में वह धन्ना सेठ बन गया। उसने कई लोगों को चेक दिए, लेकिन जब उन चेकों को बैंक में डाला गया, तो वे बाउंस हो गए। यह सिलसिला 38 मामलों तक पहुंच चुका है, और इन मामलों की जांच अब पुलिस की एसआईटी कर रही है, जो एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में काम कर रही है। बता दें कि हाल में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने उस दरोगा अनिल कुमार को सस्पेंड कर दिया था, जिसे धनंजय को गिरफ्तार करने का जिम्मा सौंपा गया था। इसके अलावा, ऐसे कई जांच अधिकारी भी सवालों के घेरे में हैं, जिन्हें धनंजय के मामलों की जांच सौंपी गई थी। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि धनंजय फिलहाल पुलिस की पकड़ से दूर है, और वह राजनीतिक संरक्षण में छिपा हुआ है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस अब फरार ठेकेदार धनंजय के शस्त्र लाइसेंस और पासपोर्ट के जरिए उसके वास्तविक पते का पता लगाने में जुटी है।

# मामूली बात में दो छात्रों में घमासान

❑ एक छात्र ने दूसरे छात्र को मारा चाकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में एक घटना सामाने आई है जहां पर आठवीं में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच किसी बात को लेकर घमासान हो गया। देखते ही देखते दोनो छात्रों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि आठवीं के एक छात्र ने दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान चाकू से हमला करने वाला छात्र भी घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया। वहीं पुलिस ने कहा कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार गौलापार निवासी एक छात्र बनभूलपुरा इंटर कालेज में आठवीं का छात्र है। इसी स्कूल में बनभूलपुरा का रहने वाला भी उसी स्कूल में आठवीं का छात्र है। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा कि सोमवार को स्कूल छूटने के बाद दोनों छात्र स्कूल से बाहर आए तभी फिर दोनो में विवाद हो गया। इसी बीच आठवीं के छात्र ने चाकू से दूसरे छात्र पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा कि जिस छात्र ने चाकू से हमला किया था उसकी भी अंगुलियां भी कट गई। इस मारपीट में दोनो छात्र घायल हो गए। घटना को बाद दोनों को बेस अस्पताल लाया गया। इधर बनभूलपुरा थाना प्रभारी दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मामले की कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# विकास को कोर्ट से मिली जमानत

❑ ईवीसीएल टूर्नामेंट में धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने किया था गिरफ्तार

❑ 11 फरवरी को हाईकोर्ट में दाखिल किया जाएगा रिमांड आर्डर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ईवीसीएल फ्रॉड के आरोप में जेल में बंद विकास ढाका आखिकार आज चार दिन बाद जमानत मिल गई। एसीजेएम कोर्ट हल्द्वानी ने उसे जमानत दे दी है, और माना जा रहा है कि उसके परवाना पहुंचने के बाद मंगलवार को उसे हल्द्वानी उप कारागार से रिहा कर दिया जाएगा। विकास ने हाईकोर्ट में भी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका लगाई है। बता दें कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में ईवीसीएल टी-20 क्रिकेट लीग का आयोजन विकास ढाका करा रहा था, जो किसी वजह से रद हो गई। जिसके बाद उत्तराखंड सोल्जर्स की टीम के खरीदार पूर्व विधायक नारायण पाल और यूपी वॉरियर्स हेमंत शर्मा ने लाखों की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बीते 6 फरवरी को विकास ढाका को होटल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद विकास ने अपने अधिवक्ता गौरव कुमार पांडे और सौरभ कुमार पांडे की मदद से एसीजेएम कोर्ट में जमानत याचिका लगाई। 9 फरवरी को कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की। विकास के अधिवक्ताओं ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर में बीएनएस की धारा 318/4 लगाई, जबकि इसका अपराध विकास पर बनता ही नहीं। इस धारा में भी मुकदमा दर्ज करने के बाद नियमत आरोपी को 35ए का नोटिस दिया जाना चाहिए था और यदि गिरफ्तारी जरूरी थी तो उसका ठोस आधार देना आवश्यक था। पुलिस को चाहिए था कि धारा 318/4 लगाते, लेकिन इसके तहत गिरफ्तारी का प्रवाधान नहीं था। इसके अलावा कोर्ट को मुकदमा दर्ज करने से पहले गिरफ्तारी, गिरफ्तारी के बाद तहरीर और फिर मुकदमा दर्ज दलील दी गई। इन सभी को देखते हुए कोर्ट ने गिरफ्तारी को अवैध माना और विकास को जमानत दे दी। गौरव और सौरभ ने बताया कि उन्होंने विकास की ओर से हाईकोर्ट में भी ज्यूडीशियल कस्टडी को लेकर याचिका लगाई है। उच्च न्यायालय में रिमांड ऑर्डर मांगा था, जिसे 11 फरवरी को कोर्ट में दाखिल किया जाएगा।

# भैरव चौक में पहाड़ी आर्मी ने दिया सांकेतिक धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भैरव चौक में पहाड़ी आर्मी के नगराध्यक्ष भुवन चंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में सोमवार को पीड़ित परिवारों के साथ सांकेतिक धरना दिया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष भुवन चंद्र पाण्डेय ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान आग लगने के कारण इन परिवारों के मकान और दुकान को केवल रिपेयर के लिए खाली कराया गया था, लेकिन जमीन और मकान को किसी अन्य पक्ष को बेच दिया गया। वर्तमान में उस जगह पर एक आलीशान होटल खड़ा है और नीचे की दुकानें विभिन्न व्यक्तियों को बेची जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों ने जिला विकास प्राधिकरण, कुमाऊँ कमिश्नर, तहसील, एसडीएम, और मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई, और अगस्त 2023 में अतिक्रमण ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया था। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि पूरे अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए और जमीन सरकार के कब्जे में ली जाए, या इसे पहाड़ी लोगों के लिए विश्रामगृह, स्वास्थ्य लाभ केंद्र या अस्पताल के रूप में उपयोग में लाया जाए। उन्होंने चेताया अगर तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो पहाड़ी आर्मी आंदोलन को बाध्य होगी। धरने में प्रदीप रौतेला, कृष्णा आर्या, भुवन चंद्र पाण्डेय, राजेंद्र कांडपाल, कविता जीना मौजूद रहे।

# दमुवाढूंगा में लगा बहुउद्देशीय शिविर

❑ नशा, भूमि सीमांकन, बिजली, सड़क के मुद्दे उठे

❑ एडीएम ने अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत दमुवाढूंगा स्थित अम्बेडकर पार्क में सोमवार को आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई। शिविर में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही विभागीय अधिकारियों ने किया। शिविर में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में लोगों को दिया गया। क्षेत्रीय लोगों ने युवाओं के नशे की गिरफ्त में आने की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की। शिविर में पहुंचे अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने आम जनता से सीधे संवाद किया और विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान में आमजन का सहयोग जरूरी है। इसके लिए पुलिस विभाग व स्वयंसेवी संस्थाओं को नियमित चेकिंग अभियान चलाने तथा नशे में लिप्त लोगों की काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए गए। शिविर में भूमि सीमांकन, विद्युत पोल शिफ्टिंग, एडीबी द्वारा सड़क खुदाई के बाद मरम्मत न किए जाने, राशन कार्ड निर्माण, पेयजल आपूर्ति और भूमि विवाद से जुड़ी समस्याएं भी सामने आई। भूमि सीमांकन की शिकायत पर तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक को मौके पर निरीक्षण कर समाधान के निर्देश दिए गए। शिविर में 23 विभागों ने स्टॉल लगाकर सेवाएं दी। साथ ही वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन के लिए 13 लोगों को आवेदन पत्र वितरित किए गए। इस दौरान नगर आयुक्त परितोष वर्मा, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, एसडीएम राहुल साह, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्थानीय जनता मौजूद रही।

# डिस्ट्रिब्यूटर, होलसेलर व रिटेल प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशों के क्रम में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बागेश्वर नगर क्षेत्र में डिस्ट्रिब्यूटर, होलसेलर एवं रिटेल प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव को सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान डिस्ट्रिब्यूटर एवं होलसेलरों को खाद्य सामग्री की खरीद, बिक्री एवं आपूर्ति से संबंधित रिकॉर्ड एवं बिल नियमों के अनुरूप व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री को पृथक कर सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने तथा नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। संदेह के आधार पर एक खाद्य तेल, दो मसालों एवं एक एनर्जी ड्रिंक के नमूने जांच हेतु लिए गए, जिन्हें राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, रुद्रपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य सामग्री के क्रय-विक्रय एवं भंडारण से संबंधित समस्त अभिलेख निर्धारित मानकों के अनुसार अद्यतन एवं व्यवस्थित रखें, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# एसडीएम की तैनाती न होने पर रोष

❑ धरने पर बैठे पार्षद रवि जोशी

❑ समर्थन में विधायक सुमित भी एसडीएम कोर्ट पहुंचे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसडीएम राहुल शाह के तबादले के कई दिन बीत जाने के बावजूद हल्द्वानी में नए एसडीएम की तैनाती न होने व प्रशासनिक और न्यायिक कार्य ठप होने के साथ ही आम जनता को हो रही परेशानियों को लेकर सोमवार को पार्षद रवि जोशी एसडीएम कोर्ट परिसर में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने में बैठ गए। धरने में बैठे रवि जोशी को कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने अपना समर्थन देते हुए वह भी एसडीएम कोर्ट के बाहर धरने में बैठ गए। धरनास्थल पर पार्षद रवि जोशी ने कहा कि एसडीएम राहुल शाह के तबादले के कई दिन बीत जाने के बावजूद हल्द्वानी में नए एसडीएम की तैनाती नहीं हो पाई है, जिससे एसडीएम कार्यालय में न्यायिक कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीएम कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही है, जबकि धारा 143 और 229-बी से जुड़े मामले तथा विवाह पंजीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य भी ठप पड़े हुए हैं। जनता की परेशानी को लेकर वह धरने में बैठे है। पार्षद रवि के धरने का समर्थन करने के लिए शहर विधायक सुमित हृदयेश भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से फोन पर वार्ता कर नए एसडीएम की तैनाती शीघ्र करने की मांग की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि एसडीएम की नियुक्ति शासन स्तर से होती है, लेकिन आश्वासन दिया कि बहुत जल्द किसी अधिकारी को एसडीएम का चार्ज सौंप दिया जायेगा। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद पार्षद रवि जोशी ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

## हीरानगर में गोल्ज्यू जागर आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर द्वारा कल यानि आज मंगलवार को मंच प्रांगण में गोल्ज्यू की पारंपरिक जागर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देव आहवान के साथ न्याय के देवता गोल्ज्यू की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की जाएगी। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जागर के अगले दिन 11 फरवरी (बुधवार) को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जयपुर के लिए एसी स्लीपर बस सेवा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की काठगोदाम डिपो से जयपुर के लिए एसी स्लीपर बस सेवा सोमवार को शुरू हो गई। बस सेवा का शुभारंभ पंडित गोविंद बल्लभ जोशी ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद किया गया। मंडलीय महाप्रबंधक संचालन पूजा जोशी, सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम गणेश चंद पंत और सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे ने बस संख्या यूके-04 पीए-9190 को हरी झंडी दिखाकर जयपुर को रवाना किया। यह बस हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से प्रतिदिन शाम चार बजे तथा जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टेशन से भी शाम चार बजे प्रस्थान करेगी। वर्तमान में बस सेवा की बुकिंग ऑफलाइन शुरू की गई है, जबकि जल्द ही ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी शुरू की जाएगी।



जयपुर तक सिटिंग सीट का किराया 1077 रुपये तथा स्लीपर सीट का किराया 1300 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा रुद्रपुर का किराया 106 रुपये, मुरादाबाद 305 रुपये, दिल्ली 730 रुपये, गुरुग्राम 799 रुपये, मानेसर 830 रुपये, बहरोड़ 946 रुपये, कोटपूतली 967 रुपये और पावटा 987 रुपये रखा गया है। स्लीपर सीट के लिए 223 रुपये अतिरिक्त देय होंगे। सहायक महाप्रबंधक गणेश चंद पंत ने बताया कि पहले दिन बस 12 यात्रियों को लेकर जयपुर के लिए रवाना हुई। बस में चालक तनवीर और सैफ तथा परिचालक संदीप बिष्ट तैनात रहे। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, केंद्र प्रभारी काठगोदाम रघुवीर चौधरी, निरंजन लाल, नवीन कोठारी, नवनीत कपिल, अजय शर्मा और मोहन आर्या आदि मौजूद रहे।

## आयुर्वेदिक सामान की आड़ में कर रहा था गोरखधंधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आयुर्वेदिक समान बेचने की आड़ में चरस की तस्करी करने वाले तस्कर को टीपीनगर पुलिस ने एएनटीएफ की संयुक्त टीम के साथ होंडा शोरूम मंडी बायपास के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 846 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार टीपीनगर पुलिस को मुखबिर की सटीक सूचना मिली एक युवक भारी मात्रा में चरस लेकर आ रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना कोतवाल विजय मेहता के नेतृत्व में टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार व एएनटीएफ की संयुक्त टीम के साथ मंडी बायपास होंडा शोरूम के पास चैकिंग अभियान शुरू किया। टीम ने चैकिंग अभियान शुरू कर दिया तभी चैकिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया जिसे रोककर पुलिस ने उसके पास रखे थैल की तलाशी ली तो उसमें से 846 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम रविन्द्र सिंह पुत्र शोबन सिंह निवासी बबियाड़ थाना मुक्तेश्वर, हाल निवासी दानीबंगर गौलापार थाना चोरगलिया बताया। तस्कर ने बताया कि वह आयुर्वेदिक सामान बेचने का कार्य करता है और साथ ही चरस की तस्करी कर अच्छा मुनाफा कमाता था। उसने बताया कि वह मुक्तेश्वर से चरस एकत्र कर हल्द्वानी लाता है और यहा से वह लोगों को महंगे दामों में बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, कांस्टेबल अनिल टम्टा, बलवंत सिंह, संजय नेगी आदि मौजूद रहे।



❑ 846 ग्राम चरस समेत युवक गिरफ्तार

# मातृभाषा ही हमारी पहचान: विद्या

❑ सौहार्द जन सेवा समिति की पहल, बच्चों ने कविता व भाषण के माध्यम से दिखाई भाषाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊनी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान की श्रृंखला में तीसरे दिन सोमवार को सेंट लॉरेंस स्कूल देवलचौड़ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता जोशी एवं संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुमाऊनी भाषा में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर कुमाऊनी भाषा में कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने कहा कि मातृभाषा ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि चाहे हम देश या विदेश कहीं भी रहें, अपनी बोली, भाषा, रीति-रिवाज और संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। इसी उद्देश से संस्था द्वारा विद्यालयों को माध्यम बनाकर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रतियोगिता में रक्षित पांडेय ने प्रथम, प्रियंशी तिवारी ने द्वितीय तथा वर्तिका भट्ट और उन्नति नोला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस मौके पर पुष्पा कांडपाल, नरेंद्र बंगारी, ममता जोशी, नीरजा बोरा, विद्या जोशी, अंजू पांडे, पूर्णिमा पांडे, ममता भट्ट, ईश्वर चंद्र भट्ट, पुनीता पांडे आदि मौजूद रहे।




## लापता दो छात्र गाजियाबाद से बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से लापता हुए दो छात्रों को पुलिस ने गाजियाबाद में सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनो छात्रों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मोहम्मदी मस्जिद के पास रहने वाले दो छात्र बीते 7 फरवरी को स्कूल जाने के बाद गायब हो गए थे। स्कूल से घर नहीं लौटने पर परिजनों ने दोनो छात्रों की काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने थाने में आकर दोनो छात्रों की गुमशुदगी दर्ज कराई। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनो छात्रों की तलाश शुरू की और जांच में पता चला कि दोनो छात्र गाजियाबाद पहुंच गए। पुलिस ने तुरंत गाजियाबाद पहुंचकर दोनो छात्रों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# निरंतर विकास के पथ पर नैनीताल

❑ कैंचीधाम बाईपास 15 जून तक पूरा करें

❑ सतपाल महाराज ने किया 1258.12 लाभ रुपये की 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। जनपद नैनीताल निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विकास की इस कड़ी में कैबीनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा विकास भवन पहुँचकर लोक निर्माण विभाग की 945.99 (नौ करोड़ पैंतालीस लाख निन्यानवे हजार) 4 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जबकि लोक निर्माण विभाग की ही 312.13 (तीन करोड़ बारह लाख तेरह हजार) की एक योजना का लोकार्पण किया गया है। इस प्रकार कुल 1258.12 लाभ रूपये की 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में पंचायतों को सशक्त करने के लिए 73वें संविधान संशोधन के तहत 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों के हस्तांतरण के लिए कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के समस्त जनपदों में नये पंचायत भवनों का निर्माण एवं पुराने पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस दौरान कैबीनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विकास भवन सभागार पहुँचकर जन संवाद किया तथा जनपद में चल रहे विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लोनिवि को निर्देश दिए कि कैंची धाम आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए कैंचीधाम बायपास निर्माण कार्य 15 जून तक पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि बायपास में 75 मीटर स्पान के बन रहे पुल में विलम्ब होने की संभावना होने पर अस्थायी रूप से वैलीब्रिज की व्यवस्था करते हुए 15 जून तक हर हाल में बायपास रोड शुरू कर दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त गूलों एवं नहरों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर की जाये। साथ ही भीमताल-नौकुचियाताल नहर से अतिक्रमण हटाने के लिए शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाये। उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि संचालित होम स्टे में स्वच्छ शौचालय हों तथा सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि होम स्टे योजना के अन्तर्गत कमरों की संख्या बढ़ाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। बैठक में विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी व विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## जिलेभर के वकील कल को करेंगे प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक रूबाली के मुताबिक राजस्व अदालतों में चल रही अनियमिताओं के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से लिखित रुप में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करने के विरोध में 11 फरवरी बुधवार को नैनीताल समेत जिलेभर के अन्य अदालतों के अधिवकता प्रदर्शन करेंगे। रुबाली के मुताबिक मामले में एसोसिएशन ने इस आशय का पत्र कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को दे दिया गया है। कहा कि 11 फरवरी के आंदोलन के बाद भी कार्रवाई नहीं होती है तो फिर 23 फरवरी सोमवार से एसोसिएशन के बैनर तले बेमियादी आंदोलन शुरु किया जाएगा।

## प्रकाश निलयम में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित प्रकाश निलयम में रविवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन कर उन्हें फूल मालाएं पहनाईं। कहा गया कि अब समय आ गया है कि हम अपनी सनातन परंपरा की ओर लौटें। इस फरवरी के महीने में 'वैलेंटाइन डे' न मना कर 'मातृ-पितृ पूजन' करें। अब वक्त है अपने बच्चों के संस्कारों का निरीक्षण करने का। गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति का अनुसरण करें। माता-पिता ही एक शिशु के दुग्ध-आहार आदि की व्यवस्था से लेकर आजीवन अपने बच्चों पर अपना सब कुछ न्यौछावर करते रहते हैं। स्वयं धूप में रहकर अपने बच्चों पर छांव रखते हैं। जब बच्चे कुछ करने के योग्य होते हैं तो अपने माता-पिता के प्रति उनका भी कर्तव्य है। इस अवसर पर प्रकाश निलयम में प्राची सोनी, पिंकी, पीहू, नीरज, कुलदीप सिंह, सचिन गुप्ता, शंकर दत्त लोहनी, अमित कुमार, पवन पांडे, रविकांत चौहान, गरिमा राजपूत, अरविंद, कंचन चंद्रवंशी, सीमा भल्ला, बलप्रीत सिंह रौनक, निशांत कुमार आर्या, रोहित शर्मा, अंजलि कंसल, जगदीप सिंह, कपिल कुमार, नूपुर आशीष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पीएचसी की समीक्षा बैठक में सीएमओ ने दिए दिशा निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल की अध्यक्षता में अर्बन पीएचसी की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में ट्रांजिट कैंप, राम्पुरा और खेड़ा के चिकित्सक, एएनएम और स्टाफ नर्स मौजूद थे।

डा. संजीव सरना ने टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, और गर्भवती महिलाओं की देखभाल के संबंध में पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। अर्बन पीएचसी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी समस्त इंडिकेटर शत प्रतिशत होना आवश्यक है, जिसमें टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, और गर्भवती महिलाओं की देखभाल शामिल हैं। सीएमओ डा. केके अग्रवाल ने कहा कि जिन भी अर्बन पीएचसी द्वारा शत प्रतिशत नहीं किया जाएगा, वहां के स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अनुशासनात्मक कार्रवाई और प्रशिक्षण शामिल हो सकता है। अपने स्वास्थ्य संबंधी सारे इंडिकेटर शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें, जिसमें टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, और गर्भवती महिलाओं की देखभाल शामिल हैं। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मुश्योंनी, दान सिंह भंडारी, जिला लेखा प्रबंधक चांद मियां, जिला डेटा प्रबंधक संजय पांडे, जिला कंसल्टेंट दिनेश जोशी, जिला समन्वयक सीपीएचसी पूरणमल जिला समन्वयक आदि मौजूद थे।

# हादसे में युवक की दुखद मौत, पुलिस मौके पर पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार की रात किच्छा क्षेत्र के दरऊ चौराहे पर एक तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे के बाद मृतक के परि. जनों में कोहराम मच गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार किच्छा के वार्ड नंबर 2 निवासी गणेश गुप्ता पुत्र सुरेश कुमार गुप्ता अपनी चाय की दुकान बंद कर दरऊ रोड चौराहे पर साइकिल लेकर पैदल सड़क क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में गणेश गुप्ता और मोटरसाइकिल सवार पंकज मंडल निवासी खेड़ा दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में दोनों को सरदार वल्लभ भाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गणेश गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोटरसाइकिल सवार पंकज मंडल की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के पारिवारिक जन बदहवास स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

अस्पताल परिसर में मृतक के परि. जनों का रो-रो कर बुरा हाल था, वहीं घायल के परिजन उन्हें लेकर तत्काल हायर सेंटर रवाना हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गणेश गुप्ता अपनी साइकिल को पैदल लेकर सड़क पार कर रहे थे, तभी अचानक मोटरसाइकिल सवार युवक उनसे टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों छिटक कर काफी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गणेश गुप्ता विवाहित थे और अपने पीछे तीन पुत्रियों व एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## एक नजर

# शिवभक्तों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लाने हेतु ग्रामसभा नमूना की ग्राम दूधिया कॉलोनी से शिवभक्तों का एक जत्था श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पैदल कांवड़ यात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा के दौरान शिवभक्त "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयकारों के साथ भगवान शिव की आराधना करते हुए हरिद्वार की ओर प्रस्थान कर गए।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह सैनी 'राज' ने शिवभक्तों को फूलमालाएं पहनाकर मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अनुशासन, स्वच्छता और आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील भी की। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त अंकुर सैनी, अंकित सैनी, राहुल सैनी, राजेंद्र सैनी, गुड्डू सैनी, रुपेश सैनी, विपिन, कपिल सैनी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। सभी शिवभक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौटेंगे और अपने-अपने क्षेत्र में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने भी शिवभक्तों की यात्रा के सफल और सकुशल संपन्न होने की कामना की है।

# हाथियों के उत्पात से किसान बेहाल, गेहूं की फसल रौंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैंनी झारखंडी में रविवार की देर रात्रि बरहैंनी झारखंडी क्षेत्र में हाथियों के एक झुंड ने किसान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। अचानक हुए इस नुकसान से किसानों में भारी रोष व्याप्त है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात के समय हाथी खेतों में घुस आए और देखते ही देखते तैयार होती गेहूं की फसल को रौंद डाला। पीड़ित किसान का कहना है कि फसल उनकी महीनों की मेहनत का परिणाम थी, जो एक ही रात में तबाह हो गई। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को सुरक्षित वन क्षेत्र में भेजने की शीघ्र व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और किसानों की मेहनत पर पानी न फिरे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हाथियों की मौजूदगी से फसलों के साथ-साथ जनजीवन भी खतरे में पड़ सकता है। किसानों ने नुकसान का मुआवजा देने की भी मांग की है।

# बजट 2026 पर हुई सार्थक चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विधानसभा क्षेत्र बाजपुर के सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में सोमवार को अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित बजट सम्मेलन कार्यक्रम में बजट 2026 को लेकर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने बजट में किए गए सशक्तिकरण संबंधी प्रावधानों को विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे नए अवसर सृजित होंगे।

सुझाव, ऊर्जा और जनभागीदारी ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है और बजट 2026 इस दिशा में सकारात्मक संदेश देता है। कार्यक्रम का संचालन यासीन शेख द्वारा किया गया। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बजट को लेकर अपने विचार साझा किए और इसे देश के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर,दर्जा राज्य मंत्री मनजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनीश, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा महमूद हसन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, बाजपुर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव (भाजपा), प्रदेश सह-संयोजक इरफान अली, नगर पालिका प्रत्याशी गौरव शर्मा,एस.शर्मा,गोल्डी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यूजीसी 3सी एक्ट 2026 के विरोध में निकाली रैली

**नए नियमों को निरस्त कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** यूजीसी 3सी एक्ट 2026 के नए नियमों को निरस्त कराने की मांग को लेकर यूजीसी बिल हटाओ संघर्ष समिति बाजपुर के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। समिति के आह्वान पर शहर के विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर अपना रोष प्रकट किया।




प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को सौंपते हुए केंद्र सरकार से यूजीसी बिल को वापस लेने की मांग की। समिति के सदस्यों ने कहा कि यूजीसी के नए नियम देश की शैक्षणिक व्यवस्था में गंभीर असंतुलन पैदा कर सकते हैं और इससे समाज में अव्यवस्था फैलने की आशंका है। उन्होंने कहा कि समाज के लगभग सभी वर्गों में इस बिल को लेकर असंतोष व्याप्त है और समानता बनाए रखना भारत सरकार का दायित्व है। इसलिए जनहित और देशहित में इस बिल को तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। इस मौके पर उदय राज सिंह चौहान, भगवंत मियां, विमल शर्मा, राजेश शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, रविंद्र शर्मा, विशाल ठाकुर, धीरज जैन, विजय गर्ग, मनोज गोयल, शुभम शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# नई बस्ती में लगाया गया मुफ्त मेडिकल कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** निरंजना हेल्थकेयर की तरफ से मोहल्ला नई बस्ती में आंखों के इलाज के लिए फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें आंखों से जुड़ी सभी तरह की बीमारियां जैसे मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, आंखों से पानी आना, धुंधला दिखना, आंखों में खुजली, आंखों में कीचड़, आंखों का लाल होना, पलकें झड़ना, आंखों में सूखापन, आंखों में टेढ़ापन वगैरह का मशीनों से टेस्ट किया गया और यह सब फ्री में किया गया। आंख अल्लाह की एक बड़ी नेमत है। हर इंसान के लिए इसकी हिफाजत करना, इसकी देखभाल करना और इसे सभी बीमारियों से बचाना जरूरी है क्योंकि अगर आंख में रोशनी है तो दुनिया रोशन है, वरना पूरी दुनिया अंधेरी है। निरंजना हेल्थकेयर हॉस्पिटल के डॉक्टरों की एक टीम सुबह लगभग 10 बजे पहुंची, ख्लीफा-ए-हुजूर तहसीने मिल्लत, मुजाहिद उत्तराखंड हजरत अल्लामा मौलाना इरफान-उल-हक कादरी (मदरसा गौसिया के फाउंडर) हजरत अल्लामा मुफ्ती फरियाद आलम ( खष्तीब व इमाम रजा मस्जिद )ने रिबन काटकर कैंप का उद्घाटन किया, जिसके बाद बड़ी संख्या में मरीजों ने अपनी आंखों का इलाज करवाया। इस मौके पर हाफिज इरशाद हुसैन तहसीनी, मुफ्ती सईद अनवर इरशादी, हाफिज जफरुद्दीन अजहरी, मौलाना जावेद अहमद, हाफिज अब्दुल बासित अजहरी, हाफिज मोहम्मद रजा रिजवी, मौलाना, मौलाना अताउल मुस्तफा, हाफिज गुलाम हुसैन आदि मौजूद थे।



# शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिक्षा विभाग के तहत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कुल 182 पदों पर भर्ती की जाएगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्ती में स्थानीय युवाओं को मौका मिलेगा। अभ्यर्थियों को रोजगार प्रयाग पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। रोजगार प्रयाग पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पांच मार्च तक कर सकेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में सृजित चतुर्थ श्रेणी और मृतक संवर्ग के 182 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार प्रयाग पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भर्ती प्रक्रिया शुरू का दी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि पांच मार्च निर्धारित की गई है। इसके बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

# खटीमा मझोला मार्ग बना सफेद हाथी

**जर्जर सड़क पर दम तोड़ रहे भारी वाहन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मझोला से खटीमा को जोड़ने वाला मुख मार्ग इन दोनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। सड़क की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि यहां चलना किसी जोखिम भरे सफर से काम नहीं है। बड़े-बड़े गड्ढ के कारण न केवल राहगीर परेशान हैं, बल्कि भारी वाहन भी इस मार्ग पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।



इस सड़क पर वाहनों का टूटना सड़क पर गधों के कारण माल वाहक वाहनों के एक्सेल टूटना और टायर पटना आम बात हो गई है। आए दिन भारी ट्रक भी सड़क पर खराब होकर खड़े हो जाते हैं जिससे घंटों राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। दुपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। धूल के धूल के गुबार और अनियंत्रित गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क की बदहाली न केवल वाहनों को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि उड़ती धूल स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन गई है। मुख्य मार्ग मुख्य मार्ग की बदहाली के कारण व्यापारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क खराब होने से परिवहन लागत बढ़ गई है और समय की बर्बादी हो रही है। स्थानीय ग्रामीण और चालकों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण लिंक है, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जल्द से जल्द बनाई जाए।

# पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं रक्तदान समिति के संस्थापक 48 वर्षीय राजीव गुप्ता का सोमवार को निधन हो गया। उनके पुत्र सुंदरम ने मुखाग्नि दी।

रक्तवीर नाम से प्रसिद्ध रक्तदान शिविरों के माध्यम से दशकों तक रक्तदान के लिए प्रेरित करना व जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए उन्हें याद रखा जाएगा। निधन पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, महेश मित्तल, पंकज गहतोड़ी, संदीप बिष्ट, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल, पंजाबी महासभा, अग्रवाल महासभा, भारत विकास परिषद, राइस मिल एसोसिएशन, किराना एसोसिएशन, रक्तदान समिति समेत विभिन्न सामा. जिक व राजनीतिक संगठनों ने पदाधिकारियों ने शोक जताया।

# स्कूल में हुआ भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की थीम "संस्कार, संस्कृति और समर्पण" रही, जिसने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया।


कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट, विद्यालय के महानिदेशक शिशुपाल सिंह रावत, निदेशक गौरव रावत, प्रधानाचार्या कंचन बिष्ट सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्तराखंड के 13 जनपदों की लोक संस्कृति को लोक नृत्य एवं लोक गायन के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राजुला-मालूशाही, गौरा देवी और मैदानी क्षेत्रों से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों तक की पीड़ा और संघर्ष को भावपूर्ण स्वरों और नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की इन उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के पीछे शिक्षकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत को पहुंचना था, लेकिन कुछ कारणों से वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जाता।

इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, क्षेत्र पंचायत संगठन अध्यक्ष मिथलेश डंगवाल, धनेश्वरी घिल्डियाल, दिनेश मेहरा, पुष्कर दुर्गापाल, बलदेव सिंह रावत, राहुल डंगवाल ,मनीष अग्रवाल, पूनम गुप्ता, ब्रह्मदेव झा, एडवोकेट जगतपाल सिंह रावत, नरेंद्र रावत, संजीव सैनी, तनु प्रिया, सुरजीत सिंह रावत, विक्रम सिंह नेगी, कमल भारती, ममता सनवाल, कामिनी ध्यानी, राजेंद्र सैनी, नैना अग्रवाल, नरेंद्र चौहान, पनी राम, संभुद्ध जोशी, प्रेमा नागर, प्रधानाचार्या रचना कंडारी, सोनम राठौर, बलजिंदर कौर, दिविता नेगी, रिया शर्मा, कमला भारती, प्रधानाचार्या जया जोशी, प्रेनू जोशी, रीता बेलवाल,अनीता, तबस्सुम आदि मौजूद रहे।

# रामनगर के लोगों से रूबरू होंगे जेम्स चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट पार्क के पहले प्रशासक और भारतीय वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी के जनक एफ डब्ल्यू चैम्पियन के पोते जेम्स हैं। ढिकाला में एक सड़क का नाम चैंपियन रोड है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणेश रावत ने बताया कि उत्तराखंड के एक गर्वित हरित नायक, भारतीय वन्यजीव फोटोग्राफी के जनक एफ डब्ल्यू चौम्पियन की स्मृति में यह विशेष आयोजन किया जा रहा है।




इस अवसर पर उनके पोते द्वारा एक इंटरैक्टिव सत्र एवं प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें एफ. डब्ल्यू. चैम्पियन के जीवन, कार्य और उनके फोटोग्राफिक योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। यह कार्यक्रम मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में आयोजित किया जाएगा। एफ. डब्ल्यू. चैम्पियन भारत के प्रारंभिक वन अधिकारियों में से एक थे, जो यह मानते थे कि वन्यजीवों को शिकार के माध्यम से नहीं, बल्कि अवलोकन और फोटोग्राफी के जरिये समझा और संरक्षित किया जाना चाहिए। 1920-30 के दशक में उन्होंने भारत में नैतिक वन्यजीव फोटोग्राफी की शुरुआत की और प्रारंभिक कैमरा-ट्रैप तकनीकों का उपयोग किया, वह भी बिना किसी प्रकार की बाधा पहुंचाए।

उनकी सोच अपने समय से कहीं आगे थी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि फोटोग्राफी केवल दस्तावेजीकरण का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूकता और संरक्षण का एक सशक्त साधन हो सकती है। उन्होंने जिम कार्बेट को भी बंदूक छोड़कर कैमरा और लेखन अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिसने आगे चलकर भारत के संरक्षण इतिहास की दिशा बदल दी। इन महत्वपूर्ण योगदानों के कारण एफ डब्ल्यू. चैम्पियन को सम्मानपूर्वक भारतीय वन्यजीव फोटोग्राफी का जनक" कहा जाता है।

# चार श्रम संहिताओं के विरोध में मजदूरों ने निकाली बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के विरोध में 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय आम हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सोमवार को बाइक रैली निकाली गई। रैली परशुराम चौक ट्रांजिट कैंप से शुरू होकर गांधी पार्क तक पहुंची।

परशुराम चौक पर आयोजित संक्षिप्त सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार के लागू किए गए चार श्रम संहिताएं मजदूर विरोधी हैं। सरकार ने पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर पूंजीपतियों के हित में नए कानून लागू किए हैं, जिससे श्रमिकों का शोषण बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग पहले से ही कठिन हालात में जीवन यापन कर रहा है और नई श्रम संहिताएं उसे बंधुआ मजदूरी की ओर धकेलेंगी। सीएसटीयू के मुकुल ने कहा कि सरकार श्रम संहिताओं को आकर्षक शब्दों में प्रस्तुत कर मजदूरों को गुमराह कर रही है। पुराने 29 श्रम कानूनों में जो अधिकार मजदूरों को प्राप्त थे, उन्हें समाप्त कर चार श्रम संहिताएं लाई गई हैं। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था में स्थायी रोजगार की जगह फिक्स्ड टर्म नौकरी लागू होगी, जिससे श्रमिकों पर हमेशा नौकरी जाने का खतरा बना रहेगा। मुकुल ने कहा कि इन कानूनों के तहत यूनियन बनाकर मजदूरों का संगठित होना असंभव हो जाएगा, जिससे कंपनियों को मजदूरों का शोषण करने की खुली छूट मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि अब 300 श्रमिकों तक की नियुक्ति करने वाले उद्योग बिना राज्य सरकार की अनुमति के कभी भी बंद किए जा सकेंगे, जबकि पहले यह सीमा 100 श्रमिकों की थी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार देश की जमीन और संसाधनों को अडानी, अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों को सौंप रही है और अमृतकाल के नाम पर गैर-संवैधानिक नीतियों को कानूनी जामा पहनाया जा रहा है। इस मौके पर भाकपा(माले) के ललित मटियाली, इंकलाबी मजदूर केंद्र के दिनेश चंद्र, ऐक्टू जिला सचिव अनिता अन्ना, हरेंद्र सिंह, महेंद्र राणा, जगमोहन, पुष्कर खाती, भीम सिंह, कमल, डूंगर सिंह, धीरज जोशी, हीरा राठौर सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद रहे।

# रामनगर पहुंचे ऊर्जा निगम के एमडी, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी अनिल कुमार यादव रामनगर पहुंचे जहां उन्होंने विभाग के कुमाऊँ मंडल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन के एमडी अनिल कुमार यादव ने कहा कि उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता है।



केंद्र सरकार की चल रही योजना भी आम उपभोक्ता तक पहुंचे इसको लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग को पूरे प्रदेश से हर वर्ष करीब 1130 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है और यदि बात कुमाऊँ मंडल की करें तो कुमाऊं मंडल से प्रतिवर्ष साढे चार हजार करोड़ रुपए का करीब का राजस्व विभाग को प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई जगह स्मार्ट मीटर को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही है जो की पूरी तरह गलत है।उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ता मजबूत होंगे और उनकी समस्याओं का इस मीटर के लगाने के बाद समाधान होगा।उपभोक्ताओं को विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यालय के चक्कर नहीं लगते होंगे इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर यह मीटर नहीं लगे हैं वहां पर शीघ्र इन्हें लगाने की कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फरवरी और मार्च माह में विभाग की बकाया वसूली शत प्रतिशत करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम में विद्युत कटौती से इस बार भी उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी और यदि कहीं फाल्ट होता है तो ऐसी स्थिति में कुछ देर के लिए विद्युत व्यवस्था बाधित होगी लेकिन कुछ देर बाद विद्युत व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर ट्रांसफार्मर फूक जाता है तो समय पर ट्रांसफार्मर पहुंचाया जाएगा इसके अलावा उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी कि यदि किसी अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

इस दौरान चीफ इंजीनियर कुमाऊं मंडल आरएस गुंज्याल, निदेशक ऑपरेशन एमआर आर्य,मुख्य अभियंता रुद्रपुर नरेंद्र तोलिया,अधीक्षण अभियंता रवि राजौरा,विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की, एसडीओ दरपण सिंह निखुर्पा,एसडीओ दीपक पाठक आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-809/नामा0 सूचना/2025-26 दिनांक:-9-2-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-03 क्रमांक 224 पर श्री विपुल चावला, श्री राकेश चावला पुत्रगण श्री सन्त लाल चावला का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 500 रू. वार्षिक है। पारिवारिक बंटवारे के आधार पर गृहकर अभिलेखों में भवन का 1/2 भाग जो कि राकेश चावला पुत्र श्री सन्त लाल चावला के नाम पर है। श्री विपुल कुमार पुत्र श्री सन्त लाल निवासी वार्ड नं. 07. शिव मंदिर, गदरपुर को प्राप्त हुआ है। श्री विपुल कुमार पुत्र श्री सन्त लाल निवासी वार्ड नं. 07. शिव मंदिर, गदरपुर द्वारा भवन के 1/2 भाग का नागान्तरण अपने नाम पर किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकताः डीएम

- **कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई, जिलाधिकारी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**
- **पेयजल से लेकर अतिक्रमण तक, जनसुनवाई में उठे अहम मुद्दे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलक्ट्रेट सभागार जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में जनसुनवाई दिवस का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं नगर क्षेत्र से आए नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कुल लगभग 50 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्यवाही करें तथा शिकायतकर्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति, क्लॉक टावर की मरम्मत, नगर क्षेत्र के गांधी चौक में नियमित सफाई व्यवस्था, पेयजल लाइनों की मरम्मत, दूषित जलापूर्ति, आपदा से संबंधित समस्याएं, राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर फैली गंदगी, नगर क्षेत्र में घूमने वाले निराश्रित एवं गरीब व्यक्तियों की समुचित व्यवस्था, अवैध कब्जों की शिकायतें, गांधी चौक क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने, मानदेय भुगतान, मलबा निस्तारण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक शिकायतें दर्ज की गई।

जनसुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित विचारयुक्त एवं जनहित से जुड़े समाचारों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1905 पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई, जिसमें 36 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष रूप से नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और निर्धारित समयावधि में उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र वर्मा, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसएस नबियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रात के सन्नाटे में प्रशासन का उजाला



- **मुलाकोट की चौपाल में जिलाधिकारी बने सहारा, पीड़ितों को मिला भरोसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** विकास खंड पाटी के मूलाकोट की पहाड़ियों में जब आम तौर पर रात खामोश हो जाती है, उसी वक्त प्रशासन ने जनता की आवाज सुनने का फैसला किया। विकासखंड पाटी की ग्राम सभा मुलाकोट के मज्याप गांव में जिलाधिकारी मनीष कुमार की रात्रि चौपाल केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवेदनशील प्रशासन का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई। इस चौपाल में कागजों की नहीं, जमीनी हकीकत की बात हुई और फैसले भी मौके पर हुए।

सबसे मार्मिक मामला कमला देवी का रहा, जो पिछले आठ वर्षों से पति के परित्याग के बाद दो नाबालिग बच्चों के साथ संघर्षपूर्ण जीवन जी रही हैं। पेंशन, राशन और बच्चों के भविष्य की चिंता लेकर जब उन्होंने अपनी बात रखी, तो जिलाधिकारी ने इसे फाइलों में नहीं उलझाया बल्कि स्वयं सत्यापन कराते हुए समाज कल्याण और प्रोबेशन विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह दीपा देवी, जिनके पति का आठ वर्ष पूर्व निधन हो चुका है, दो बच्चों के साथ आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं। प्रशासन ने उनके दर्द को समझा और न सिर्फ वात्सल्य योजना से आच्छादन के निर्देश दिए, बल्कि आत्मनिर्भरता के लिए गौशाला उपलब्ध कराने की पहल भी की। केसरी देवी की आवास की पीड़ा पर भी प्रशासनिक संवेदना दिखी। रात्रि चौपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, ईई लोनिवि हितेश कांडपाल सहित तमाम विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर...

### लोहाघाट-पिथौरागढ़ हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर, सात घायल, दो की हालत गंभीर**

**लोहाघाट।** लोहाघाट-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर सिंगदा के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। धारचूला से सितारगंज की ओर जा रही एक स्कार्पियों और टनकपुर से पिथौरागढ़ की ओर जा रही एसयूवी 700 के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व उप निरीक्षक नीरज कुमार मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को तत्काल लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विराज राठी के नेतृत्व में घायलों का उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दुर्घटना में घायल महिला पार्वती देवी (55) की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि भागीरथी देवी का हाथ फैक्चर हो गया है। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद पिथौरागढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर चीता पुलिस के हेड कांस्टेबल सुनील कुमार और अशोक वर्मा भी अस्पताल पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में भागीरथी एतवाल (42) निवासी नेपाल, पार्वती देवी (55) निवासी नेपाल, नरेश जोशी निवासी महेंद्र नगर, लक्ष्मी निवासी महेंद्र नगर, बिसनी देवी (48) निवासी सितारगंज और 8 वर्षीय वैष्णवी शामिल हैं। सभी का उपचार जारी है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विराज राठी ने बताया कि फिलहाल सभी घायल खतरे से बाहर हैं और अस्पताल में उनका समुचित इलाज किया जा रहा है।

### नाबालिग अपहरण में आरोपी को सात साल का कारावास

**रुद्रपुर।** वर्ष 2023 के नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म मामले में अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य की अदालत ने आरोपी को अपहरण में दोषसिद्ध करार देते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई है और 10 हजार का अर्थदंड दिया है। वहीं अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप से साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 22 अप्रैल 2023 में नानकमत्ता निवासी एक व्यक्ति ने थाने में अपनी 17 वर्षीय बेटी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले में नानकमत्ता थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना में ग्राम मूड़झाला नानकमत्ता निवासी गुरमीत सिंह उर्फ गित्तू का नाम सामने आया। इसके बाद आरोपी को पकड़कर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि आरोपित गुरमीत सिंह उर्फ गित्तू उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इस पर पुलिस ने गुरमीत पर पॉक्सो और अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर की। मामला अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीएससी रुद्रपुर संगीता आर्य की अदालत में चला गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमेश कुमार गुप्ता ने छह गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने गुरमीत सिंह को पॉक्सो में दोषमुक्त कर दिया, जबकि धारा 363 में सात वर्ष की कारावास और 10 हजार का जुर्माने से दंडित किया है।

### नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत

**जसपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ का यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के तीनों मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।

# शिविर में 88 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में न्याय पंचायत राईगढ़स्यारी के राजकीय इंटर कॉलेज राईआगर, विकासखण्ड बेरीनाग में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह द्वारा की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में 570 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में फकीर राम टम्टा, विधायक गंगोलीहाट, संगीता चन्याल, ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग सहित 28 जनप्रतिनिधि एवं 65 अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 425 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। कुल 109 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 88 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 21 शिकायतों को संबंधित विभागों को यथोचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। शिविर के दौरान आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा पेयजल, सड़क, स्मार्ट मीटर, विद्युत लाइन, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं पंचायत घर निर्माण जैसी समस्याएं प्रस्तुत की गई। अपर जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक समस्या की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# जनता मिलन में उमड़ा जनविश्वास, 92 फरियादें हुई दर्ज

- **जिलाधिकारी मनीष कुमार के सख्त निर्देश**
- **समयसीमा में हो शिकायतों का निस्तारण**



**चम्पावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 92 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिलाधिकारी ने सभी फरियादों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

जनता मिलन के दौरान कई मामलों में मौके पर ही राहत प्रदान की गई। ग्राम मौनकांडा की रीता महराना की शिकायत पर उन्हें आवास, राशन कार्ड और किसान पेंशन योजना का लाभ दिलाने हेतु तत्काल पंजीकरण की कार्यवाही कराई गई। वहीं ग्राम डुंगरासेठी की विमला देवी एवं वैशाली द्वारा जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा, छतार निवासी बलदेव गडकोटी की अधिक विद्युत बिल संबंधी, बाराकोट निवासी हरीश राम की दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने, खेतीखान निवासी मदन सिंह बोहरा ने दैवीय आपदा से हुई क्षति की भरपाई, ग्राम पचनई के शिवराज सिंह ने आवास व रोजगार उपलब्ध कराने, नागनाथ वार्ड के भुवन कुमार ने छात्रवृत्ति दिलाने, ललुवापानी की सोनम बिष्ट ने घरेलू हिंसा से संरक्षण, खूनाबोरा के पूरन सिंह ने पेयजल, बाजरीकोट निवासी अशोक सिंह कार्की ने ग्राम में सोलर लाइट लगाने, बनबसा की निर्मला देवी ने ऋण माफी, ग्राम झालाकुड़ी के जीवन राम ने आधार कार्ड, ग्राम रैघाड़ी के दीपक जोशी ने पीएमजीएसवाई सड़क की मरम्मत की मांग रखी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## पथराव मामले के फरार आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक फरवरी को सुभाष कॉलोनी में पुलिस टीम पर हुए पथराव मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट लिया है। पुलिस ने फरार आरोपियों की तीव्रता से तलाश भी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, एक फरवरी को एएनटीएफ, एसओजी और पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि सुभाष कालोनी स्थित कल्लू के घर से स्मैक की तस्करी की जा रही है। मौके पर पहुंची टीम ने जब एक युवक को हिरासत में लिया तो परिवार ने टीम पर पथराव कर दिया था। इसमें हेड कांस्टेबल भुवन पांडे घायल हो गया था। हालांकि, पुलिस ने 64 ग्राम स्मैक के साथ हसीना पत्नी इलियास को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं देवर देवर नाजिम उर्फ नदीम, शाहरुख, इरशाद उर्फ दाऊद उर्फ शद्दा, सूरज, अनमोल, अफसाना, फिजा, रोशनी, फरहाना पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

एक नौ दिन गुजर जाने के बाद आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट लिया है।

## जनपद में चमकी कमला देवी की प्रतिभा

- **राउमावि खूनाबोरा बना अभिभावक विद्यालय सहभागिता का आदर्श उदाहरण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जब विद्यालय के प्रयासों में अभिभावकों का सहयोग जुड़ जाता है, तो उपलब्धियों का दायरा कक्षाओं से निकलकर पूरे समुदाय तक फैल जाता है। राउमावि खूनाबोरा ने जनपद स्तरीय 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम में यही मिसाल पेश की। जहां विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वहीं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षण के साथ सहशैक्षिक गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी श्रृंखला में ग्राम खूनाबोरा की कमला देवी ने जनपद स्तरीय कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में अपने अद्वितीय संतुलन और जोश के दम पर दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धि ने यह सिद्ध किया कि संकल्प और ऊर्जा के आगे उम्र का कोई महत्व नहीं रह जाता। समग्र शिक्षा के तहत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में अभिभावकों की उपस्थिति और प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी ने न केवल माहौल को जीवंत बनाया, बल्कि यह भी दिखाया कि बच्चों की प्रगति तभी संभव है, जब घर और विद्यालय दोनों समान रूप से संलग्न हों।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि कमला देवी जैसी अभिभावक जब मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देती हैं, तो वह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं होती, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक प्रेरणादायक संदेश बन जाती है। यह सहभागिता इस तथ्य को भी प्रमाणित करती है कि जब विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक एक साथ आगे बढ़ें, तो हर कदम सफलता की ओर ले जाता है।

## बिजली टैरिफ पर जन सुनवाई 23 फरवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के समक्ष उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड, उत्तराखंड पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, राज्य भार प्रेषण केन्द्र एवं यूजेवीएन लिमिटेड के तहत विद्युत वितरण, पारेषण एवं उत्पादन से संबंधित प्रस्तावित टैरिफ दरों के निर्धारण को याचिकाएं प्रस्तुत की गई हैं। जिनकी 23 फरवरी को रुद्रपुर विकास भवन में सुनवाई की जाएगी। इन याचिकाओं पर आम विद्युत उपभोक्ताओं, सामाजिक संगठनों, उपभोक्ता हित समूहों एवं अन्य हितधारकों के सुझाव और आपत्तियां प्राप्त करने के उद्देश्य से विद्युत नियामक आयोग के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में ऊधमसिंह नगर में जनसुनवाई का आयोजन 23 फरवरी को सुबह साढ़े दस से दोपहर 1:30 बजे तक विकास भवन सभागार रुद्रपुर में किया जाएगा।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, डीडीहाट

दूरभाष एंव फैक्स – 05964–297584 E-Mail ID – ujs_didihat@radifmail.com

पत्रांकः 190 / निविदा / 13 दिनांक : 09 / 02 / 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, डीडीहाट (पिथौरागढ़) अन्तर्गत राज्य योजना अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा 24 / 02 / 2026 को अपरान्ह 04:30 बजे तक पजीकृत निविदों आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदायें दिनांक 25.02.2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11 / 02 / 2026 से 18 / 02 / 2026 की सायं 04:00 बजे तक बिकी किये जायंगें।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर धनराशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीडीहाट | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0उ0म0वि0 बोराबूंगा डीडीहाट के भवन में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 1180.00 | 16000.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 2 | डीडीहाट | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0उ0म0वि0 हरड़कटिया डीडीहाट के भवन में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 1770.00 | 26000.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 3 | धारचूला | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0उ0म0वि0 दैधार डीडीहाट के भवन में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 1770.00 | 27000.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 4 | धारचूला | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0उ0म0वि0 जाराजिबली धारचूला में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 1770.00 | 29500.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 5 | धारचूला | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0ई0का जौलजबी धारचूला में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 2360.00 | 36000.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 6 | धारचूला | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0ई0का0 लुम्ती धारचूला में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 2360.00 | 35000.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 7 | डीडीहाट | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0उ0मा0 वि0 लेगधार डीडीहाट में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 1770.0 | 35000.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 8 | मुनस्यारी | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0प्रा0वि0 मदकोट धारचूला में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 1770.00 | 26000.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |
| 9 | मुनस्यारी | जनपद पिथौरागढ़ की डीडीहाट शाखा के अन्तर्गत रा0आ0प्रा0वि0 मदकोट धारचूला में वर्षा जल संरक्षण प्रणाली की स्थापना | 1770.00 | 31300.00 | डी एंव उच्चतर | 90 दिन |

नियम शर्ते :
1. प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रू0 का नानज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर 1.00 रू0 का रसीदी टिकट लगाकर दरों की वैधता न्यूनतम 60 दिन रहने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा ब्रिकी की अंतिम तिथि/प्राप्ति की तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।
3. निविदा की साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/पोस्ट आफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा जिसे निविदा क्रय करते समय शाखा कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा क्रय करने हेतु ठेकेदार को स्वयं शाखा कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है, प्रतिनिधि को निविदा निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।
5. साईड के अनुसार कार्य की मात्र घटायी और बढ़ाई जा सकता है।
6. वर्षा जल संरक्षण प्रणाली कि समस्त कार्य ग्रीष्मकाल आरम्भ होने से पूर्ण करने होगें।
7. उक्त कार्यो की धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
8. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होंगी।

(संदीप चतुर्वेदी)
अधिशासी अभियन्ता


## डॉक्टर स्वामी वीरेंद्रानंद गिरी महाराज का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** श्री श्री 1008 हिमालयन पीठाधीश्वर, महामंडलेश्वर श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा, डॉक्टर स्वामी वीरेंद्रानंद गिरी जी महाराज के रामनगर आगमन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता इंदर सिंह रावत और पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत के आवास पर कुछ समय के लिए पहुंचे। इंदर सिंह रावत ने कहा कि उन्होंने मेरे आवास पर आकर मेरा आतिथ्य स्वीकार किया और मुझे एक दिन सेवा का सौभाग्य प्रदान किया गया। इसके लिए हृदय से कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया है।

## संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला राजमिस्त्री का शव

**रुद्रपुर।** संदिग्ध हालत में एक राजमिस्त्री का शव फंदे से लटका मिला। घटना से पूर्व उसकी अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मूल रूप से यूपी के मुरादाबाद का रहने वाला था और रुद्रपुर में राजमिस्त्री का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूल रूप से कांठ, मुरादाबाद निवासी 30 वर्षीय आशु कुमार पुत्र लक्ष्मण कुमार पेशे से राजमिस्त्री था और अपनी पत्नी लक्ष्मी और चार बच्चों के साथ जगतपुरा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि सोमवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ और इसके बाद आशु का शव कमरे में पंखे के सहारे लटका हुआ मिला। जब पत्नी लक्ष्मी ने पति को कमरे में फंदे से लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल आशु के शव को फंदे से नीचे उतारा। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी।


**सार्वजनिक सूचना**

विवाह से पूर्व के दस्तावेजों में मेरा नाम **ललिता आर्या** था जो विवाह के पश्चात **ललिता विश्वकर्मा** हो गया है। मुझे अपने पासपोर्ट को रेन्यू करवाने हेतु वर्तमान नाम जो कि **ललिता विश्वकर्मा** है को पासपोर्ट में सही कराने की आवश्यकता है। वर्तमान व भविष्य में मुझे विवाह के पश्चात के नाम **ललिता विश्वकर्मा** के नाम से ही जाना, लिखा व पढ़ा जाये।

**ललिता विश्वकर्मा** उम्र बालिग
पत्नी श्री **भूपेन्द्र विश्वकर्मा**
निवासी- किलार्नी कम्पाउण्ड
तल्लीताल, तहसील व जिला
नैनीताल।

# मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति का स्वागत

## उत्तराखण्ड हाई कोर्ट में सीजे के सम्मान में फुल कोर्ट रिफ्रेंस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के स्वागत सम्मान में सोमवार को हाईकोर्ट में फुल कोर्ट रेफरेंस का आयोजन किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के 15वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि त्वरित न्याय प्रदान करना और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व तकनीक अनुकूल बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायधीश बनना उनके लिये सम्मान की बात है। कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपने 25 साल की यात्रा में कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं और देश भर के उच्च न्यायालयों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं से अपील की कि वे



न्याय की गरिमा बनाए रखने और वादकारियों को सुलभ न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

न्यायमूर्ति गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ताओं व हाईकोर्ट स्टाफ की समस्याएं उन्हें बताई गई हैं जिनका समाधान किया जाएगा। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत में प्रदेश के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने मुख्य न्यायाधीश का औपचारिक अभिनंदन किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने न्यायमूर्ति गुप्ता के सुदीर्घ न्यायिक अनुभव और कानून की गहरी समझ की सराहना की। इसके बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत ने बार के सभी सदस्यों की ओर से उनका स्वागत किया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड की न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने भी मुख्य न्यायाधीश का परिचय देते हुए उनके आगमन को राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण कामयाबी बताया। समारोह में चीफ स्टैंडिंग काउंसिल चंद्र शेखर सिंह रावत, बार एसोसिएशन के महासचिव सौरभ अधिकारी समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता व अन्य अधिवक्ता, जिला न्यायाधीश नैनीताल प्रशांत जोशी समेत कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी सहित बड़ी संख्या में न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## रानीखेत में गुलदार का आतंक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** शहर और उससे सटे इलाकों में इन दिनों गुलदार की बढ़ती आवा. जाही से दहशत का माहौल बना हुआ है। कड़ाके की ठंड और जंगलों में आहार की कमी के चलते जंगली जानवर अब शहरी क्षेत्र का रुख कर रहे हैं। गुलदार शहरी क्षेत्र में पालतू मवेशियों और कुत्तों को अपना शिकार बना रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है। जरूरी बाजार क्षेत्र में नंदा देवी परिसर के आसपास गुलदार को खुलेआम चहलकदमी करते देखा गया। इस दौरान स्थानीय निवासी अनामिका बिष्ट, ईबा रावत, विमला बिष्ट सहित अन्य लोगों ने गुलदार को देखकर इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि गुलदार की मौजूदगी के कारण वे पूजा-अर्चना करने तक से डर रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार उक्त मार्ग से प्रतिदिन बच्चे स्कूल जाते हैं और आम लोगों की आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में किसी बड़ी घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी क्रम में दुलीखेत निवासी महेश पंत के पालतू कुत्ते पर गुलदार ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। प्रवीण दानू, हेमा दानू, भगवती जोशी और नीमा सहित अन्य निवासियों ने बताया कि गुलदार अब मकानों के बेहद करीब आ जा रहा है। कई बार वह सड़कों पर चलते वाहनों के पीछे दौड़ता हुआ भी देखा गया है। आशियाना पार्क, गोपी निवास, सेवा सदन सहित अन्य इलाकों में भी सीसीटीवी कैमरों में गुलदार की तस्वीरें कैद हुई हैं। बच्चों और पालतू जानवरों की सुरक्षा को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरी चिंता है। इसी को देखते हुए गौरी दत्त पंत और महेश पंत अन्य लोगों के साथ वन विभाग को सूचना देने तथा सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर अधिकारियों एवं प्रशासन से मिलने पहुंचे। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरा लगाने और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की अपील की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और लोगों को भयमुक्त वातावरण मिल सके।

## एक नजर

### 108 एंबुलेंस में हुआ महिला का सामान्य प्रसव

**नैनीताल।** कैंची धाम क्षेत्र में डिलीवरी के लिए अस्पताल लाई जा रही महिला की एम्बुलेंस जाम में फंस गई। एम्बुलेंस कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए एम्बुलेंस में ही महिला की सफल डिलीवरी कार्रवाई। फिलहाल जच्चा बच्चा को बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार कैंची धाम निवासी सुरजीत सिंह की पत्नी कविता को सोमवार सुबह डिलीवरी पेन उठा। तत्काल स्वजनों ने आशा कार्यकर्ता के साथ ही 108 को सूचित किया। घर दूर होने के कारण स्वजन किसी तरह उसे सड़क तक लेकर पहुंचे। इस बीच भवाली से 108 भी पहुंच गई। लेकिन वापसी में एम्बुलेंस लंबे जाम में फंस गई। एम्बुलेंस में तैनात टेक्नीशियन सुनील बिष्ट ने आशा कार्यकर्ता भगवती देवी की मदद से जाम में फंसी एम्बुलेंस में ही महिला की सफल डिलीवरी कार्रवाई। महिला ने करीब तीन किलो के स्वास्थ्य बेटे को जन्म दिया। एहतियात के तौर पर दिनों को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाकर भर्ती किया गया है।

### गौलापार में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में राजकीय बालिका इंटर कालेज किशनपुर गौलापार में एसडीआरएफ के सहयोग से विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीआरएफ की टीम ने छात्राओं को आपदा की स्थिति में प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा प्राथमिक चिकित्सा देने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। टीम ने आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा एवं दूसरों की सहायता के महत्वपूर्ण उपायों की भी जानकारी दी। सिविल जज (सीडि)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल ने छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों और सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पास्को अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर भी प्रकाश डाला। शिविर में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन पूर्ण

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में डीएसबी परिसर नैनीताल और कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्रों में से डीएसबी परिसर में उन्हें मुहैया कराए गए सभी आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट जिला अधिकारी कार्यालय नैनीताल और जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल को मुहैया करा दी गई है। बता दें इसी भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि का भुगतान किया जाना है। सत्यापन कार्य एआर ओ सुरेन्द्र सिंह बिष्ट और पूर्ति निरीक्षक गौरव जोशी के द्वारा किया गया। इस कार्य में डीएसबी परिसर नैनीताल की ओर से डा. राजेश्वर ने सहयोग किया गया।

# एक साल में 1661 मरीजों ने कराया आयुष्मान से मुफ्त इलाज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में बीते एक साल में एक लाख 17 हजार से ज्यादा मरीज उपचार के लिए पहुंचे हैं। वर्ष भर में अस्पताल में इलाज




के लिए 2940 मरीज भर्ती हुए, जिसमे 1661 मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज मिला। बता दें कि नगर के बीडी पांडे अस्पताल में नैनीताल, खुर्पाताल, ज्योलीकोट, भवाली, भीमताल, धारी, ओखलकांडा, पंगोट व बेतालघाट क्षेत्र से हर साल एक लाख से ज्यादा मरीज उपचार के लिए आते हैं। जिनको डाक्टर की सलाह पर दवाएं दी जाती हैं या भर्ती कर उपचार दिया जाता है। अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि वर्ष 2025 में भी अस्पताल में एक लाख 17 हजार 437 मरीज अस्पताल उपचार के लिए पहुंचे हैं। जिसमें अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 2940 थी। बताया कि आयुष्मान के तहत 1661 लोगों का अस्पताल में मुफ्त उपचार किया गया है। इसके साथ ही अस्पताल में 800 मरीजों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए हैं। ताकि अस्पताल में भर्ती मरीजों को आयुष्मान के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सके।

# हाई कोर्ट से हैदर और रिहान को राहत नहीं

## मृत्यु दंड व रिहान को आजीवन कारावास की सज़ा पर अंतिम सुनवाई के लिए रखा मामला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 12 जून 2025 को सत्र न्यायाधीश रमेश सिंह प्रथम अपर जिला न्यायधीश रुड़की जिला हरिद्वार के द्वारा आरोपी हैदर को मृत्यु दंड व रिहान को आजीवन की सजा दिये जाने के मामले पर निचली अदालत के द्वारा उच्च न्यायालय को भेजे गए अपने आदेश की पुष्टि करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने सरकार का पक्ष सुनने के बाद दोनों आरोपियों को कोई राहत नहीं देते हुए मामले को अंतिम सुनवाई के लिए रख लिया है। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर रिहान व हैदर की तरफ से रिहा करने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उन्हें कोई राहत न देते हुए मामले को अंतिम सुनवाई हेतु रख लिया है। मामले के अनुसार मृतका का जघन्य अपराध करने वाले हैदर को निचली अदालत ने 12 जून 2025 को फांसी की सजा सुनवाई थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि इसको तब तक फांसी के फंदे में लटकाया जाए जब तक इसकी मौत न हो जाती, साथ मे इसको 50 हजार के जुर्माने से भी दंडित किया। जुर्माना अदा नही करने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास से भी दंडित किया। मृतिका का भाई दिनेश ने वर्ष 2021 में थाना गंगनहर तहसील रुड़की जिला हरिद्वार में प्रार्थना देकर कहा कि उनकी बहन को हैदर अकसर परेशान करता है, जब वे घर पर नहीं थे उस दिन वह अपने दो अन्य साथियों के साथ घर मे घुसा। उसके बाद तीनों ने उसके घुटने मोड़कर पेपर कंटिग धारदार हथियार से गला धड़ से अलग कर दिया। आरोपी ज्यादातर उसपर शादी करने का दवाब डाल रहा था। बहन जब मना किया तो उसने यह कारनामा किया। बता दें निचली अदालत में हुई सुनवाई के दौरान कुल 13 गवाह पेश किए गए। आरोपी की तरफ से कहा गया कि वह निर्दोष है। फांसी की सजा देने योग्य नहीं जबकि अभियोजन पक्ष की तरफ से कहा गया कि इस घटना में आरोपी ने एक सोची समझी साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया है। इसके अन्य साथियों ने भी इसका सहयोग किया है, उनको भी सजा दी जाए।

## हल्द्वानी के देवखड़ी नाला में हुए अतिक्रमण के मामले में हुई हाईकोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हल्द्वानी के देवखड़ी नाला में हुए अतिक्रमण के मामले में मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए कि अभी तक हुई जन सुनवाई को लेकर दो सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें साथ ही मामले से जुड़े दस्तावेज और राजस्व रिकार्ड भी अदालत में पेश करें। न्यायमित्र अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह की ओर से अदालत को बताया गया कि अभी तक तीन जन सुनवाई हो चुकी हैं, विगत दो फरवरी को अंतिम जन सुनवाई हुई है। सभी लोगों को सुनवाई का मौका दिया गया है। इसके बाद अदालत ने सरकार को निर्देश दिए कि वह दो सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट पेश करें, यही नहीं कोर्ट ने संबंधित सभी दस्तावेज और राजस्व रिकॉर्ड भी मुहैया कराने को कहा है। सुनवाई के दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों की ओर से कहा गया कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने को लेकर उनके खिलाफ कठोर कदम उठा सकता है। न्यायमित्र अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किये गये हैं लेकिन उन्हें हटाने को लेकर फिलहाल कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाएगा। अदालत ने न्यायमित्र अधिवक्ता के वक्तव्य को रिकार्ड में दर्ज कर लिया है।

# भवाली में भाजपाइयों ने किया पालिका दफ्तर में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में नाबालिग बच्ची से दुराचार के आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पालिका के एक सभासद पर पाकिस्तानी कनेकशन लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। भाजपा की निवर्तमान प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि पालिका की मिली भगत से सरकारी जमीनों पर कबजा कर क्षेत्र की डेमोग्राफी और जनसांख्यिकी को लगातार बदलने का प्रयास किया जा रहा है वहीं भाजपा नेता प्रकाश आर्या ने आरोप लगाया कि पालिका के एक वर्तमान सभासद जिनके रिश्तेदार पाकिस्तान में हैं विशेष समुदाय के लोगों को टम्ट्यूड़ा तथा रेहड़ क्षेत्र में बसाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मस्जिद की भूमि की भी जांच कराने की मांग की और कहा कि तथाकथित लोग लैंड व लव जिहाद में संलिप्त हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट ने जमीनों की खरीद फरोख्त में पालिका प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध भूमि पर बिजली पानी के कनेक्शन के लिए एनओसी पालिका की मिलीभगत से ही दी जा रही है। भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट ने आरोप लगाया कि विशेष समुदाय द्वारा अवैध भूमि पर बनाए गए मकानों का असेसमेंट भी कर दिया गया है वहीं अधिवक्ता शिवांशु जोशी ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी के अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक मामले में पालिका के अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है जो 15 दिनों में रेहड़ तथा टम्ट्यूड़ा क्षेत्र में हुए अवैध निर्माणों पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी रिपोर्ट मिलने के बाद प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान मंडल उपाध्यक्ष शुभम कुमार, महामंत्री अमित पांडेय, गौतम मटियाली, राजेंद्र रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष कंचन साह, हिमांशु रावत, उज्वल चंद्रा, वैभव आनंद, रेहान, आयुष कुमार तथा विद्या पढ़ालनी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल के नवनियुक्त मोर्चों के अध्यक्षों का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल भाजपा मंडल के नवनियुक्त मोर्चों के अध्यक्षों का स्वागत कार्यक्रम सोमवार को नैनीताल क्लब में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों (युवा मोर्चा) रितुल कुमार, (महिला मोर्चा) अमिता साह, (किसान मोर्चा) मयंक पंत, (अनुस. ूचित मोर्चा) हेमंत बेदी, (अल्पसंख्यक मोर्चा) मनसंजोक सबरवाल एवं (ओबीसी मोर्चा) रोि. हत थापा को माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमें सामूहिक रूप से संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते हुए संगठन की



रीति नीति को जन जन तक पहुंचाते हुए संगठन को आगे बढ़ाना है। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि भाजपा संगठन की कार्यशैली एवं सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बल पर उत्तराखंड में पुन: 2027 के विस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने सभी नवनियुक्त मोर्चों के मंडल अध्यक्षों को संगठन की रीति नीति के अनुसार आगामी कार्यक्रमों हेतु निर्देशित करते हुए सभी नवनियुक्त मोर्चों के अध्यक्षों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य समेत समेत जिले, मंडल के पदाधिकारी व कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने जीते तीन अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बीते रविवार को आयोजित रोटरी मंडल 3110 के पब्लिक इमेज सेमिनार के दौरान रोटरी क्लब नैनीताल ने तीन अवार्ड्स जीत कर अपना परचम लहराया। बता दें रोटरी क्लब ऑफ आगरा



रॉयल ने डिस्ट्रिक 3110 की एक वृहद सेमिनार को खेलगांव में आयोजित किया गया जिसमें डिस्ट्रिक गवर्नर राजन विद्यार्थी, नीरव निमेष, प्रो. वेद त्रिपाठी ने पबलिक इमेज पर अपने विचार साझा किए। बेस्ट फोटो, बेस्ट वीडियो व बेस्ट होर्डिंग प्रतियोगिताओं में डिस्ट्रिक के विभिन्न कलबों ने सहभागिता की। अर्पण भार्गव आगरा नगर के युवा फोटोग्राफर ने निर्णय के साथ कई सुझाव साझा किए। डिस्ट्रिक पीआईसी विक्रम सियाल ने कहा कि सेवा को याद में विचारों में व व्यवहारों में लाना चाहिए।गवर्नर राजन विद्यार्थी ने रोटरी के तीन मुख्य मुखौटे बताए समय, समाज व आईना कभी किसी के वफादार नहीं होते बल्कि सेवा विश्व सहचर्य व सच्चाई ही सदैव साथ रहती है। रोटरी क्लब ऑफ आगरा रॉयल की प्रेसिडेंट मीरा गुप्ता ने सभी अतिथियों व पदाधिकारी का माल्यार्पण कर विधिवत रूप से स्वागत किया तथा उपहार प्रदान किए। संचालन सुभाषिनी पालीवाल एवं अपर्णा पोद्दार ने किया।

# भारत विश्व का सबसे युवा देश: प्रो. दीवान सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा पांच दिवसीय अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र नैनीताल में किया गया। बता दें कार्यक्रम में अतिथि राज्य बिहार के मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पटना व वैशाली एवं बेगूसराय से 7-7 युवा एवं दो ग्रुप लीडर मुजफ्फरपुर से चंदन एवं वैशाली से श्वेता समेत कुल 37 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथि पालिक. ाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




कार्यक्रम में राजकीय पॉलीटेक्निक नैनीताल की छात्राओं ने कुमाऊं संस्कृति की प्रस्तुति देते हुए नृत्य प्रस्तुत किया।

पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल ने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का देश के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने में काफी महत्व है, इन्हीं कार्यक्रमों से युवाओं को भारत देश की अनेकता में एकता का संदेश मिलेगा तथा वे भारत के विभिन्न क्षेत्रों के संस्कृति से रूबरू हो पाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि 12 फरवरी (वीरवार) को नैनीताल की नैनी झील में निशुल्क नौकायन सुविधा प्रतिभागियों को मिलेगी। कुविवि के कुलपति प्रो. रावत ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्व के प्राचीनतम विश्वविद्यालयों नालंदा और तक्षशिला का उल्लेख करते हुए बताया कि प्राचीन काल में भारत सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत समृद्ध था और हमें अपने गौरवशाली इतिहास को सदैव स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और इस युवा शक्ति का सही उपयोग कर हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अंत में उन्होंने प्रतिभागियों को डीएसबी परिसर स्थित संग्रहालय का भ्रमण करने की सलाह दी। कार्यक्रम के आयोजक मेरा युवा भारत नैनीताल उप निदेशक अधिकारी डॉल्वी तेवतिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभाओं का स्वागत करते हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा अतिथियों के सामने प्रस्तुत की और सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में पुष्कर दानू कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुनीता आर्य एवं रेणु कोहली द्वारा उत्तराखंड के सांस्कृतिक दारोहर एवं ऐपण के बारे में विस्तार से बताया गया और साथ ही गेरू एवं बिसवार से लक्ष्मी चौकी बना कर भी दिखाई। कार्यक्रम में आरती व अजय आदि का विशेष सहयोग रहा।

# प्रतिभा दिवस पर बच्चों ने दिखाया हुनर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में दो दिवसीय प्रतिभा दिवस का आगाज हो गया है। सोमवार को प्रतिभा दिवस के पहले दिन अलग-अलग वर्गों में बच्चों ने गणितीय, भाषा और खेल कूद में अपनी हुनर दिखाया। डायट सभागार में आयोजित प्रतिभा दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य ललित मोहन पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि जहां बच्चे होते हैं वहां सदैव प्रतिभाओं का मेला होता है। प्रत्येक विद्यार्थी में प्रतिभा होती हैं, आवश्यकता है कि विद्यार्थियों के प्रतिभा को पहचानने एवं अवसर देने की। कहा कि प्रतिभागियों को इस तरह के कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस मौके पर कक्षा एक और दो गणितीय




दक्षता में ताकुला ब्लॉक से जिया, भाषाई दक्षता में चौखुटिया में देवांशी, खेल कूद में लमगड़ा के पूरब रावत, कक्षा 6,7 और 8 में भाषाई दक्षता में लमगड़ा ब्लॉक की विद्या अधिकारी, खेल कूद में स्याल्दे से तन्मय मनराल, कक्षा तीन, चार और पांच में गणितीय दक्षता निर्मल रावत और भाषाई दक्षता में धौलादेवी ब्लॉक की आरती पाटनी ने बाजी मारी। यहां कार्यक्रम समन्वयक हरिवंश सिंह बिष्ट, डा. कमलेश सिराड़ी, डा. भुवन चन्द्र पांडे, रमेश सिंह रावत, डा. प्रकाश पंत, अशोक बनकोटी, डा. हेमलता धामी, डा. सरिता पांडे, प्रकाश चंद आर्य, डा. कामक्षा मिश्रा, दीपक पांडे, सतीश चन्द्र भट्ट, पूरन चन्द्र पांडे, निम्मी बिष्ट, चंद्रा दत्त पांडे समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पर्यटन सीजन से पूर्व प्रशासन की ओर से चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में सड़क, फुटपाथ पर कब्जा करने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन की ओर से पुलिस, पालिका, खाद्य सुरक्षा विभाग, प्राधीकरण, संभागीय परिवहन विभाग व अन्य विभागों की संयुक्त टीम बनाकर जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि नैनीताल में नैनीताल में हाईकोर्ट, कमिश्न. री, आईजी कार्यालय, डीएम कार्यालय व एसएसपी कार्यालय होने के बावजूद यहां नियमों को ताक में रखा जा रहा है। नगर की सड़कों में प्रतिबंधित वाहनों की पार्किंग, बिना लाइफ जैकेट हो रहा नौकायन, मनाही के बाद भी झील में डाल से खाद्य सामग्री डालना, पुलिस के सामने ही यातायात नियमों का उलंघन, पंतपार्क व मालरोड पर फड़ कारोबारियों का अवैध कब्जा, बिना सत्यापन घूम रहे कबाड़ी व भिक्षुक, खुले में नियमों के विरुद्ध खाद्य सामग्री बेचना, नगर के फुटपाथों पर लोगों कब्जा आम बात हो गई है। लेकिन जिला प्रशासन, पुलिस व पालिका के अधिकारी इन बातों से नजरें फेरते नजर आ रहे हैं। जिसके चलते लोग खुलेआम निडर होकर नियमों का उलंघन कर रहे हैं। एसे लोगों के खलाफ प्रशासन की ओर से पर्यटन सीजन से पूर्व अभियान चलाकर नियमों को ताक में रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना बनाइ जा रही है। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि पालिका, खाद्य सुरक्षा विभाग, संभागीय परिवहन विभाग, प्राधिकरण और पुलिस के साथ मिलकर जल्द ही एक अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाई करने के साथ ही विभागों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। ताकि पर्यटन सीजन से पहले ही व्यवस्थाओं में सुधार हो सके।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गिनाई बजट की खूबियां

## मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन के निवास पर प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने किया बजट पर संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर विपक्ष के विरोध का करारा जवाब देते हुए जनता के बीच बजट की सकारात्मक पहलुओं को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया है। भाजपा के प्रमुख नेताओं ने इस पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए खुद ही इसकी कमान संभाली है। भाजपा का यह प्रयास खासतौर पर अल्पसंख्यक समुदाय को भी ध्यान में रखते हुए किया गया है।

इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड द्वारा बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हल्द्वानी में मोर्चा के प्रदेश उपाधयक्ष इसरार हुसैन के आवास आज़ाद नगर लाइन नंबर 16 में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश




उपाध्यक्ष इसरार हुसैन ने किया, जिसमें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं अनीस गौड़ और इंतजार हुसैन ने बजट पर विस्तृत चर्चा की और भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया। अनीस गौड़ और इंतजार हुसैन ने कहा कि यह बजट न सिर्फ संतुलित है, बल्कि इसमें अल्पसंख्यक समुदाय के हितों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि इस बार अल्पसंख्यक समाज के लिए 3400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो समुदाय के विकास और कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया, जिनमें प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन, कुमाऊं संयोजक महबूब अली, गढ़वाल संयोजक इसरार अल्वी, जिला अध्यक्ष अली नकवी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी यूसुफ मालिक, ओबीसी आयोग के सदस्य डा. जेड वारसी, हज कमेटी की सदस्य तरन्नुम खान, मंडल अध्यक्ष अनवर अली खान, जिला उपाध्यक्ष फारुख अंसारी और कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सीडीओ ने किया केंद्रीय विद्यालय का दौरा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में आगामी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों के मनोबल को बढ़ाए जाने के उद्देश्य को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने सोमवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भीमताल का दौरा किया और बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन और अभ्यास करने के लिए भी प्रोत्साहित किया उन्होंने परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बिना किसी तनाव से परीक्षा दें। इस दौरान पोष्टिक भोजन करें। इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि भी उपस्थित रहे।

# मंत्री देशराज ने किया सड़क का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अकबरपुर झोझा गांव में राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस सड़क के निर्माण से जहाँ ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी वहीं अरबी मदरसे की छात्र छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा।

जानकारी के अनुसार इस इंटरलौकिंग सड़क का उदघाटन करने से पहले राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल का सैंकड़ो ग्रामीणों द्वारा पगड़ी और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि उत्तराखंड सरकार लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शहर से लेकर गांव गांव के विकास को लेकर बेहद गंभीर है गौरतलब है कि पिछले दिनों कीचड़ होने के चलते अरबी मदरसे में जाने वाले बच्चों को इस मार्ग से गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसके चलते राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा आज लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क का राज्य मंत्री देशराज कर्ण वाल द्वारा सड़क का उद्घाटन कराया गया।



वहीं इस दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह था। इस मौके पर कारी मेहताब कारी मुराद भूट्टू प्रधान इकराम प्रधान,तालिब,जमशेद, रहमान, जाबिर राशन डीलर,हाजी जमशेद,हाजी रियासत,डॉक्टर गयूर आदि सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# युवक की ट्रेन से कटकर मौत परिजनों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** रायसी बालावाली के बीच एक 26 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया 9 फरवरी 2026 को आरपीएफ एफकंट्रोल रूम मुरादाबाद द्वारा सूचना दी गई की रायसी बालावाली के बीच किलोमीटर 1529 खंबा नंबर 7 से 9 के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर तुरंत ही रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा गया पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा एक अज्ञात शव रेलवे लाइन पर पड़ा था जिसके सिर पर काफी चोट लगी थी। उन्होंने बताया शव की सिंनाक्त के प्रयास किए गए तो शव की सीनाक्त सोनू कुमार पुत्र रूडे सिंह निवासी ग्राम नंदपुर थाना लक्सर हरिद्वार उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है। नवयुवक होने के कारण मृतक के शव का पंचनामा की कार्रवाई नहीं की जा सकी। शव को मोर्चरी रुड़की भिजवाया गया है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा शांति व्यवस्था कायम है। ऐसा जानकारी में आया है कि मृतक का अपनी पत्नी से छोटी सी बात को लेकर विवाद हुआ जिससे आवेश में आकर उसने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली।

# आपस में मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वोंझ पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुपालन में, कोतवाली लक्सर पुलिस ने सुल्तानपुर क्षेत्र में कार्रवाई की है। जिसके तहत तीन लोगों को पकडा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 09.02.2026 को सुल्तानपुर क्षेत्र में आपसी लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले 3 व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण: गुलशेर पुत्र गफूर (उम्र 28 वर्ष)अयूब पुत्र याकूब (उम्र 52 वर्षअमन पुत्र सगीर (उम्र 20 वर्ष बताया निवासीगण: मीरावाला मोहल्ला, सुल्तानपुर, कोतवाली लक्सर, हरिद्वार है। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली लक्सर में धारा172 बी0एन0एस0एस0 के तहत कार्यवाही की जा रही है। पुलिसटीम: उ0नि0 नरेन्द्रसिंह, अ0उ0नि0 रंजीत नौटियालका, नि0 सतपाल राणाका, नि0 अरविन्द्र चौहान शामिल रहे। पकड़े गए तीनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लंढौरा व झबरेड़ा में स्मार्ट मीटर को लेकर शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा/झबरेडा।** विद्युत वितरण उपखंड लंढौरा के तहत स्मार्ट मीटर शिकायत निवारण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मौजूद अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। तथा स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदों की जानकारी दी।

सोमवार को लंढौरा विद्युत उपखंड कार्यालय पर स्मार्ट मीटर शिकायत निवारण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदों, ऑनलाइन बिल भुगतान और विद्युत चोरी से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। कैंप का नेतृत्व विद्युत उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी ने करते हुए कहा कि "हर घर स्मार्ट मीटर लगवाना समय की जरूरत है। उपभोक्ता समय से बिल जमा करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे लंढौरा उपखंड कार्यालय से संपर्क करें उन्होंने बिजली चोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाने व पकड़े जाने पर कार्रवाई की बात भी कही, इस दौरान उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी, अवर अभियंता विनोद कुमार, अवर अभियंता नसीम अहमद, अवर अभियंता संजना, अवर अभियंता परीक्षण शाला दिनेश सिंह, गौरव पुंडीर हैदर अली सहित विधुत उपखंड के सभी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।



वहीं विद्युत स्मार्ट मीटर को लेकर झबरेड़ा विद्युत उपखंड परिसर में स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के विषय में विभिन्न जानकारी दी गई। सोमवार को कस्बा झबरेड़ा स्थित विद्युत उपखंड परिसर में ऊर्जा निगम अधिकारियों द्वारा झबरेडा सब डिवीजन में स्मार्ट मीटर को लेकर स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। मीटर एसडीओ रजनीश सैनी और झबरेडा एसडीओ मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे जैसे रियल टाइम मोनिटरिंग,स्मार्ट मीटर मोबाइल ऐप के दैनिक इस्तेमाल से बिजली की बचत आदि के बारे में कैंप के माध्यम से व घर घर जाकर बताया गया। साथ ही एसडीओ रजनीश सैनी ने बताया कि विद्युत स्मार्ट मीटर की जानकारी विस्तृत रूप से उपभोक्ताओं को देने के लिए क्षेत्र के सभी गांव में 09.02.26 से 23.02.26 तक कैंप लगाए जाएंगे ताकि विद्युत उपभोक्ताओ को स्मार्ट मीटर के बारे में सही जानकारी मिल सके। स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के मन मस्तिष्क में अलग-अलग भ्रांतियां बनी हुई हैं। जिनको दूर करने का काम ऊर्जा निगम के अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है।

**❖विद्युत वितरण खण्ड के अधिकारियों ने स्मार्ट की शिकायत निवारण व जागरूकता शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी**

## बेटो को गंभीर अपराध में फंसाने की धमकी देकर

# पिता से 6 लाख की साइबर ठगी अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के गुम्मावाला गांव में साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अज्ञात ठगों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए एक व्यक्ति को उसके बेटे के गंभीर अपराध में फंसे होने का डर दिखाकर करीब छह लाख रुपये की ठगी कर ली।पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के गुम्मावाला गांव निवासी योगेश कुमार सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 फरवरी को वह अपने एक मित्र को लेकर जौलीग्रांट अस्पताल गया था। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले उसके बेटे प्रतीक सैनी की घबराई हुई आवाज सुनाई और फिर आरोप लगाया कि प्रतीक और उसके दोस्तों ने एक युवती के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी है।ठग ने स्वयं को प्रभावशाली बताते हुए कहा कि मृतका के पिता हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और यदि तत्काल पैसे नहीं दिए गए तो बेटे को जेल भेज दिया जाएगा। इस दौरान ठगों ने पीड़ित को बेटे से संपर्क न करने की चेतावनी भी दी। डर और घबराहट में आकर योगेश कुमार ने पहले 50 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर किए। इसके बाद अलग-अलग खातों में लगातार रुपये डालने का दबाव बनाया गया।ठगों के झांसे में आकर पीड़ित ने अपने परिचितों से उधार लेकर विभिन्न खातों में कुल मिलाकर लगभग छह लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने अपनी बेटी से संपर्क किया तो पता चला कि उसका बेटा प्रतीक सुरक्षित है और घर पर ही मौजूद है। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ढंडेरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डबल फाटक मोहनपुरा के नजदीक स्थित मैदान में ढंडेरा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित ढंडेरा सुपर कप सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ कांग्रेस नेता ने किया किया सेमीफाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर टूर्नामेंट के आयोजक एवं संयोजक आकाश मधवाल द्वारा मुख्य अतिथि उदय सिंह पुंडीर को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आकाश मधवाल ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। सेमीफाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। दर्शकों की मौजूदगी से मैदान में उत्साह, जोश और खेल भावना का वातावरण बना रहा।




# एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा काफी समय से वांछित चल रहे एक गैर जमानती वारंटी को रविवार रात्रि उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम टिकोला कोतवाली मंगलौर निवासी अनुज पुत्र सुरेश काफी समय से गाली गलौज मारपीट व अन्य मामले में काफी समय से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट के साथ-साथ कुर्की वारंट भी जारी कर दिए गए थे। पुलिस द्वारा रविवार रात्रि उक्त के घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को उक्त वारंटी का चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# बाइक चोरी मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** देर शाम अपने घर वापस जाते समय एक दुकानदार की बाइक दो दिन पूर्व रास्ते में उस समय चोरी हो गई जब वह रास्ते में बाइक खड़ी कर शौच करने लगा था । अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि वह झबरेड़ा कस्बा में नए मोबाइल बेचने व रिपेयरिंग की दुकान करता है। रविवार देर शाम जब वह कस्बे से दुकान बंद कर प्रतिदिन की तरह अपने घर मानक पूर आदमपुर जा रहा था तो उसी समय रास्ते में वह सड़क किनारे बाइक खड़ी कर तथा चाबी भी बाइक में ही लगी छोड़कर शौच करने लगा था ।उसी समय किसी अज्ञात के द्वारा बाइक चोरी क ली गई। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर बाइक चोरी की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्ज कर ली गई है।

# अवैध कच्ची शराब के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

प्रवीण कोश्यारी कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 8 फरवरी 2026 को क्षेत्र से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम दीपक पुत्र संजय निवासी पंडित पुरी थाना लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# हड़ताल को लेकर बिजली कर्मचारी संगठनों की बैठक

**रुड़की।** उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ एटक एवं उत्तराखंड विद्युत संविदा संगठन की एक संयुक्त आवश्यक बैठक अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई। बैठक नंबर 6 बिजली घर स्थित संगठन कार्यालय में श्री देवेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन दीपक शांडिल्य ने किया। इस दौरान हड़ताल से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कर्मचारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया गया। बैठक में भरत सिंह रावत, कुलदीप शर्मा, विकास गुप्ता, सर्वेश कुमार, दीपक गौनियाल, अंकित सैनी, नरेंद्र कुमार, सत्येंद्र, सचिन चौहान, नाथी राम, रोहित कुमार, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने युवक को

# अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने युवक को जिंदा कारतूस व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दौराने गश्त नहर पटरी सोनाली पुल तिराह के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति आबिद पुत्र यामीन निवासी गांव रासना थाना रोहटा जिला मेरठ उ0प्र0 उम्र करीब 35 वर्ष को पकडा जिसकी तलाशी मे उक्त व्यक्ति से एक अवैध देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ जो रूडकी क्षेत्र मे किसी घटना को अंजाम देने आया। घटना से पहले ही पुलिस ने किया गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली रूडकी पर मु0अ0सं0 35/2026 धारा 25 (1-ख)(क) ।.।ब्ज मे दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आबिद पुत्र यामीन निवासी गांव रासना थाना रोहटा जिला मेरठ उ0प्र0 है। उससे एक देशी तमन्चा (315 बोर) 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया।



## आंबेडकर समाज कल्याण समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमपाल का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इंदिरा बिहार कॉलोनी स्थित आंबेडकर भवन में रविवार को डॉक्टर भीम राव आंबेडकर समाज कल्याण समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमपाल सिंह का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के पूर्व अध्यक्ष शीशराम और शिवप्रकाश ने सोमपाल सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह की अध्यक्षता ईश्वर सिंह ने की, जबकि संचालन महामंत्री विनोद जयंत ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए नव-निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सोहनवीर सिंह, प्रेम सिंह, रणवीर गौतम, अंकित बौद्ध, महिपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, प्रमोद कुमार, तेलूराम, अनिल कुमार, प्रियांशु, दिनेश कुमार, लक्ष्मी चंद, नंदलाल, नत्थू सिंह, राजबीर सिंह, अजीत सिंह सहित कई सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मशीन देने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रुड़की।** एक उद्यमी से ऑटो पार्ट्स बनाने की मशीन भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के मानकपुर आदमपुर झबरेड़ा निवासी जीतू कुमार ने पुलिस को बताया कि देवभूमि औद्योगिक क्षेत्र, गांव बंदाखेड़ी में उनकी ऑटो पार्ट्स बनाने की कंपनी है। जनवरी 2024 में उनका संपर्क पुणे के त्रिवेणीनगर, तलवाड़ा रोड, के सुनील से हुआ था।

## चंद्रशेखर पब्लिक स्कूल में समारोह का आयोजन

# कक्षा 12 के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** चंद्रशेखर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मात्र एक औपचारिक विदाई नहीं, बल्कि भावनाओं का एक सजीव संगम बन गया। बरसों तक जिन कक्षाओं में हँसी गूँजी और जहाँ सपनों ने आकार लिया, आज उन्हीं दीवारों ने अपने प्रिय विद्यार्थियों को नम आँखों और सुनहरे भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण स्वागत गीत और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने बीते वर्षों के अनगिनत साझा पलों को एक बार फिर जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, तो पूरा सभागार भावुक हो उठा। विदाई के इन क्षणों में शब्द कम पड़ रहे थे, पर हर चेहरा एक नई शुरुआत के आत्मविश्वास से चमक रहा था। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। घमिस सीएसपीएस नंदिनी अरोड़ा, घ्मास्टर सीएसपीएस कृष्णा (कॉमर्स), मास्टर इवनिंग मोहम्मद अहमद, मिस इवनिंग अन्नया (कॉमर्स), ऑल राउंडर आदित्य (साइंस), क्रिएटिव जीनियस वंशिका बसीवाल, मोस्ट डिसिप्लिन श्रेया मिश्रा, घ्हाईएस्ट अटेंडेंस अतुल (कॉमर्स) को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों की घोषणा के दौरान तालियों की गूँज ने छात्रों के उत्साह को दोगुना कर दिया। घ्प्रबंधक अभिषेक चंद्रा, अध्यक्ष राखी चंद्रा और प्रधानाचार्या पूनम चंद्रा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने छात्रों को जीवन की प्रत्येक परीक्षा में ईमानदारी और सच्चाई के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, अटूट आत्मविश्वास और निरंतर सफलता की कामना करते हुए कहा कि यह विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की सुंदर शुरुआत है।



# कोर्ट के आदेश पर अवैध पटाखों का विनष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अवैध रूप से संग्रहित पटाखों का नियमानुसार विनष्टीकरण किया। यह कार्रवाई संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए पूरी सतर्कता और कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि 09 अक्टूबर को ईमलीखेड़ा क्षेत्र में आबादी के बीच स्थित शुभमपाल पुत्र राधेश्याम के आवास पर पुलिस द्वारा छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान बिना किसी वैध लाइसेंस के भारी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण पाया गया।पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर बरामद विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित रूप से मालखाने में जमा कराया। विस्फोटक सामग्री होने के कारण शॉर्ट सर्किट अथवा किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई थी।पुलिस ने पटाखों के विनष्टीकरण हेतु न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई।रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने अवैध पटाखों के तत्काल विनष्टीकरण के आदेश जारी किए गए। पुलिस ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार पटाखों का सुरक्षित विनष्टीकरण किया गया है।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 10 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में तमाशा

इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है और मुद्दों की भी कमी नहीं है। तमाम तरह का तमाशा हो रहा है, लेकिन अगर नहीं हो रही है, तो चर्चा नहीं हो रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। नौवें दिन की स्थिति भी अन्य दिन की तरह ही देखने में आई। केवल 13 मिनट ही लोकसभा चल पाई। दो बार लोकसभा को चलाने की कोशिश की गई, लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और संसद को सोमवार दो बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यूं तो संसद में तमाशा होना आम बात होकर रह गई है, लेकिन यह देखकर बेहद पीड़ा होती है कि जहां लोकसभा के भीतर एक स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए थी, उसकी जगह अब शोर-शराबा लेता दिखाई दे रहा है और यह प्रवृत्ति समय के साथ-साथ बढ़ती जा रही है। सबसे अजब बात तो यह है कि अब लोकसभा में शब्दों और पदों की भी कोई मर्यादा नहीं रह गई है और छिन्न-भिन्न होती दिखाई दे रही है। हमारे माननीयों को समझना चाहिए कि राजनीति में विचारधारा में मतभेद एक आम बात है लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होने चाहिएं। विपक्ष अगर यह चाहता है कि चीन को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब पर चर्चा होनी चाहिए, तो वह कहां गलत है। ठीक हाल ही में अमेरिका से एक डील हुई है, जिसका सरकार भी जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। यह देखना भी दिलचस्प रहा कि जब पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन देना था, तो वह संसद नहीं आए। विपक्ष जहां यह कह रहा है कि वह डर की वजह से नहीं आए, तो वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिडला अजीब ही तर्क देते दिखाई दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए नहीं आए क्योंकि उन पर सदन में हमला हो सकता था। विशेषकर उन्होंने महिला सांसदों का जिक्र किया। सोमवार को 11 कांग्रेसी महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को इस संबंध में पत्र भी लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर ओम बिडला ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनका विरोध शांतिपूर्ण, दृढ़ और पूरी तरह लोकतांत्रिक मानदंडों के भीतर था। उनकी सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाना हर उस महिला पर गंभीर हमला है जो साहस के साथ जीवन में अपनी पहचान बनाती है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर से स्वतंत्र रूप से कार्य करने और लोकसभा की गरिमा बहाल करने का आग्रह किया। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि विपक्ष बिडला की टिप्पणी से इतना आहत है कि उनके विरुद्ध महाभियोग ला सकता है। नि:संदेह ऐसी स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए आदर्श स्थिति नहीं कही जा सकती। सभी को ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र में नैतिकता व मर्यादा बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

## शैडो प्रधानमंत्री होता है विपक्ष का नेता



लोकसभा में विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्य कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र है चाहे अपमानजनक टिप्पणी ही क्यों न हो, संसद की नियमावली के अनुसार विपक्ष का नेता शैडो प्रधानमंत्री होता है, लेकिन उन्हें इस सत्र में सदन के अंदर कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है, सरकार के लोग कुछ भी कह सकते हैं, सत्तापक्ष के लोग अपमान. जनक टिप्पणी कर सकते हैं, किसी पर हमला कर सकते हैं, लेकिन हमारे गठबधन के दलों के नेताओं को भी अपनी बात नहीं रखने दी जाती है, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं कांग्रेस की महिला सांसदों के पर गंभीर आरोप लगाया है, इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए सदन में कोई जगह नहीं है, विपक्ष के नेता हो या विपक्ष के किसी अन्य दल के नेता हो, उन्हें नहीं बोलने दिया जाता है।

**-केसी वेणुगोपाल, संगठन महासचिव, कांग्रेस**

# उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों और मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की कवायद





**एम हसन**

> मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मण-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में यह समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर इसने ष्सम्मान और सुरक्षाष के लिए संघर्ष किया है।

बहुजन समाज पार्टी द्धबीएसपीः ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास शुरू कर दिए हैं। पिछले 20 वर्षों में लगातार चुनावी हार झेलने के बाद, पार्टी नेतृत्व इस बात पर दृढ़ हो गया है कि दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम-ओबीसी के व्यापक गठबंधन के बिना 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुश्किल होगा। इसलिए, बीएसपी प्रमुख मायावती 2007 के उस फॉर्मूले को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, जिसने पहली बार पार्टी को अपने दम पर सत्ता में पहुंचाया था।

इसी को ध्यान में रखते हुए, अगले साल के चुनावी माहौल को देखते हुए, जिला, विधानसभा क्षेत्रों और अन्य पदाधिकारियों सहित लगभग 3000 पार्टी नेता आज लखनऊ में नेतृत्व से निर्देश लेने के लिए एकत्रित हुए। बीएसपी मुख्यालय में दिन भर चली बैठक के दौरान मायावती ने जमीनी स्तर के नेताओं को तुरंत तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया। मतदाता सूचियों में एसआईआर में काफी बदलावों को देखते हुए, पार्टी ने स्थानीय समितियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है।

मायावती ने नेटफ्लिक्स फिल्म घुसखोर पंडित के शीर्षक पर अपनी त्वरित और तीखी प्रतिक्रिया में ब्राह्मण कार्ड का भरपूर इस्तेमाल किया। मायावती, जो आमतौर पर ऐसे मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने से बचती हैं, ने शीर्षक की निंदा की और निर्देशक एवं निर्माता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार ने भी निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की, लेकिन इस मुद्दे पर मायावती का लहजा बेहद स्पष्ट था। आज के सम्मेलन में मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी चर्चा का केंद्र थे।

हालांकि, ऐसे समय में जब पार्टी वापसी के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, मायावती के इस ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर सबकी नजर रहेगी। जहां एक ओर 2007 के ब्राह्मण नेता सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी में हैं, वहीं तत्कालीन मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। फिलहाल बसपा के पास उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा मुस्लिम चेहरा नहीं है जो उन्हें वापस पार्टी में ला सके। हालांकि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय के भाजपा से असंतुष्ट होने की खबरें आ रही हैं, लेकिन क्या वे सचमुच भगवा ब्रिगेड से अलग हो जाएंगे, यह एक विवादास्पद सवाल है। 2007 में राजनीतिक परिस्थितियां बिलकुल अलग थीं, जब यह लामबंदी कारगर साबित हुई थी।

इसी प्रकार, मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मी-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। समुदाय में यह प्रबल भावना है कि ए मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिन पर किसी भी राजनीतिक दल को ध्यान देना चाहिए जो उनका समर्थन चाहता है।

दलित नेता कांशी राम के मार्गदर्शन में मायावती ने राजनीतिक परिदृश्य में उभरकर 2007 में उत्तर प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री का पद अपने दम पर हासिल किया था और उनके सहयोगियों ने उन्हें 2009 के लोकसभा चुनाव में एक मजबूत प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में पेश किया था। अब लगभग दो दशक बाद पार्टी की किस्मत में भारी गिरावट आई है। कांशी राम ने सभी समुदायों को मिलाकर एक मजबूत दलित जनाधार बनाया था, लेकिन वर्षों से यह आधार खोता चला गया है। 2007-2012 के बसपा शासनकाल के दौरान यह गिरावट स्पष्ट रूप से देखी गई, जब ष्जाटवष समुदाय पर विशेष राजनी. तिक बल दिया गया, जिससे अन्य समुदाय उनसे अलग हो गए। दलितों का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वर्ग, पासी, इस मुद्दे पर काफी मुखर हो गया था। बसपा के 2007 के कार्यकाल के बाद पार्टी छोड़ने पर मजबूर हुए प्रतिद्वंद्वियों द्वारा कांशी राम की कमाई, मायावती ने गवई (मायावती ने कांशी राम की कमाई बर्बाद कर दी) का नारा अक्सर दो. हराया जाता था।

2009 के आम चुनाव में पार्टी का राष्ट्रीय वोट शेयर 6।2 प्रतिशत था, जो 2014 में घटकर 4।2 प्रतिशत (कोई सीट नहीं मिली), 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर जीत के साथ 3।7 प्रतिशत और 2024 में 2.04 प्रतिशत रह गया। 2019 को छोड़कर, पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बसपा का किसी अन्य पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं था। वर्तमान में दलित संगठन के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय पहचान न होने के कारण, अगर बसपा को अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में टिके रहना है तो उसे भाजपा के 41.37 प्रतिशत और सपा के 33.59 प्रतिशत वोट शेयर से मुकाबला करना होगा। उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में, जब बसपा ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था, तो उसका वोट शेयर लगभग 9।24 प्रतिशत था। बसपा की किसी भी सीट पर जीत के विपरीत, नवगठित प्रतिद्वंद्वी दलित संगठन आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से नगीना लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया। चूंकि शेखर बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कुशल प्रयास कर रहे हैं, इसलिए मायावती ने विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए खंडित दलित वोटों को पुन: प्राप्त करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है।

अब बसपा के लिए 2027 के चुनाव करो या मरो की लड़ाई हैं और जमीनी स्तर के नेताओं से आज जीत के लिए काम करने को कहा गया। चूंकि उत्तर प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए कम से कम तीन या उससे अधिक प्रभावशाली जातियों का गठबंधन जरूरी है, इसलिए बसपा अब दलित-पिछड़ा और मुस्लिम समुदायों के गठबंधन के लिए बेताब है। हालांकि, बसपा अब सभी दलित समुदायों की एकीकृत आवाज नहीं रह गई है और उसे अन्य समुदायों के साथ काम करने से पहले उन्हें एक मंच पर लाना होगा। उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के लिए कम से कम 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर जरूरी है, बसपा के लिए इस आंकड़े तक पहुंचना 12 प्रतिशत (2022 के नतीजों में) से काफी मुश्किल लग रहा है। भगवा ब्रिगेड को टक्कर देने के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे मजबूत स्थिति में मौजूद सपा को दूसरे पायदान से हटाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर

**इसे जानने के लिए डीकिन विवि. की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी और बेमिसाल परी-पिद्दी सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आद्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें।**



पक्षियों के रोएंदार पंख उनके शरीर की ऊष्मा बिखरने नहीं देते और उन्हें गर्म बनाए रखते हैं। दूसरी ओर, चोंच उन्हें ठंडा रखती है, जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है तो चोंच से ही ऊष्मा बाहर निकालती है, लेकिन जब ज्यादा संवेदी ताप नियंत्रक की जरूरत होती है, तो वे अपनी टांगों से काम लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया में चौदह पक्षी प्रजातियों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि पक्षी अपने पैरों में रक्त प्रवाह को कम-ज्यादा करके शरीर की गर्मी को कम-ज्यादा बिखेर सकते हैं। पक्षियों के शीतलक यानी उनकी चोंच और पैर में बेशुमार रक्तवाहिकाएं होती हैं और ए कुचालक पंखों से ढंकी नहीं होती हैं। इससे उन्हें गर्मी बढ़ने पर शरीर का तापमान कम करने में मदद मिलती है। इसलिए तोतों और उष्णकटिबंधीय जलवायु में रहने वाले अन्य पक्षियों की चोंच बड़ी और टांगें लंबी होती हैं, लेकिन पक्षियों में ताप नियंत्रण से जुड़ी अधिकतर जानकारी प्रयोगशाला अध्ययनों पर आधारित थीं। सवाल था कि क्या प्राकृतिक परिस्थिति में यही बात लागू होती है? इसे जानने के लिए डीकिन विश्वविद्यालय की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी Porphyrio porphyrio और बेमिसाल परी-पिद्दी Malurus cyaneus सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आर्द्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें। गर्मियों में, जब बाहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है तो पक्षी शरीर की अतिरिक्त गर्मी को निकालने के लिए अपनी चोंच और टांगों दोनों का उपयोग करते हैं। सर्दियों में, जब बाहर का तापमान कम होता है, कभी-कभी 2.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो पक्षियों की चोंच तो गर्मी छोड़ती रहती है, लेकिन उनकी टांगें ऊष्मा बिखेरना बंद कर देती हैं। उनके पैर ठंडे थे यानी उन्होंने पैरों में रक्त प्रवाह रोक (या बहुत कम कर) दिया था ताकि ऊष्मा का ह्रास कम रहे। बायोलॉजी लैटर्स में प्रकाशित यह निष्कर्ष ठीक ही लगते हैं, क्योंकि पक्षियों का अपनी चोंच की रक्त वाहिकाओं पर नियंत्रण कम होता है, क्योंकि चोंच उनके मस्तिष्क के करीब होती है जहां निरंतर रक्त प्रवाह जरूरी है। बहरहाल इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि ठंडी जलवायु में रहने वाले पक्षियों की चोंच छोटी क्यों होती है। साथ ही अनुमान है कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता जाएगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी तो संभव है कि वर्ष में बहुत अलग-अलग तापमान झेल रही पक्षी प्रजातियों की टांगें लंबी होती जाएंगी, जिनके रक्त प्रवाह और ऊष्मा के संतुलन पर पक्षी का अधिक नियंत्रण होता है। फिलहाल उम्मीद है कि इस तरह के और भी अध्ययनों से यह बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी कि दुनिया भर के पक्षी जलवायु परिवर्तन से कैसे निपटेंगे।

# शहरी विकास : पुरातन और आधुनिकता में संघर्ष



**विनीत नारायण**

काशी के मणिकर्णिका घाट को लेकर उपजे विवाद ने एक बार फिर इस प्रश्न को देश के सामने खड़ा कर दिया है कि हमारी प्राचीन धरोहरों को हानि पहुंचाए बिना शहरों का आधुनिकरण कैसे किया जाए? यह प्रश्न भारत के धार्मिक नगरों में चल रहे शहरी विकास कार्यों के संदर्भ में और भी ज्वलंत हो गया है।



धर्मनगरियों व ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार या सौन्दईकरण एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। जटिल इसलिए कि चुनौतियां अनंत है। लोगों की धार्मिक भावनाएं, पुरोहित समाज के पैतृक अधिकार, वहां आने वाले आम आदमी से अति धनी लोगों तक की अपेक्षाओं को पूरा करना, सीमित स्थान और संसाधनों के बीच व्यापक व्यवस्थाएें करना, इन नगरों की कानून व्यवस्था और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चति करना। इस सबके लिए जिस अनुभव, कलात्मक अभिरूचि व आध्यात्मिक चेतना की आवश्यक्ता होती है, प्राय: उसका प्रशासनिक व्यवस्था में अभाव होता है। सड़क, खड़जे, नालियां, फ्लाई ओवर जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का अनुभव रखने वाला प्रशासन तंत्र इन नगरों के जीर्णोद्धार और सौन्दईकरण में वो बात नहीं ला सकता, जो इन्हें विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बना दे। कारण यह है कि सड़क, खड़जे की मानसिकता से टैंडर निकालने वाले, डीपीआर बनाने वाले और ठेके देने वाले, इस दायरे के बाहर सोच ही नहीं पाते। अगर सोच पाते होते तो आज तक इन शहरों में कुछ कर दिखाते। पिछले इतने दशकों में इन धर्मनगरियों में विकास प्राधिकरणों ने क्या एक भी इमारत ऐसी बनाई है, जिसे देखा-दिखाया जा सके? क्या इन प्राधिकरणों ने शहरों की वास्तुकला को आगे बढ़ाया है या इन पुरातन शहरों में दियासलाई के डिब्बों जैसे भवन खड़े कर दिए हैं। नतीजतन ये सांस्कृतिक स्थल अपनी पहचान तेजी से खोते जा रहे हैं।

माना कि विकास की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। बढ़ती आबादी की मांग को भी पूरा करना होता है। मकान, दुकान, बाजार भी बनाने होते हैं, पर पुरातन नगरों की आत्मा को मारकर नहीं। अंदर से भवन कितना ही आधुनिक क्यों न हो, बाहर से उसका स्वरूप, उस शहर की वास्तुकला की पहचान को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। भूटान एक ऐसा देश है, जहां एक भी भवन भूटान की बौद्ध संस्कृति के विप. रीत नहीं बनाया जा सकता। चाहे होटल, दफ्तर या दुकान कुछ भी हो। सबके खिड़की, दरवाजे और छज्जे बुद्ध विहारों के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाते हैं। इससे न सिर्फ कलात्मकता बनीं रहती है, बल्कि ए और भी ज्यादा आकर्षक लगते हैं। दुनिया के तमाम पर्यटन वाले नगर, इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं। जबकि भारत में आज भी पुराने ढर्रे से सोचा और किया जा रहा है। फिर कैसे सुधरेगा इन पुरातन नगरों का स्वरूप? विकास की प्रक्रिया में जहां एक तरफ रचनात्मक सोच और कलात्मक दृष्टि का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है वहीं भ्रष्टाचार भी अन्य क्षेत्रों की तरह स्थिति को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाता है। शहरी विकास की प्रक्रिया में दो तरह का भ्रष्टाचार होता है, 'करप्शन ऑफ डिजाईन' व 'करप्शन ऑफ इम्पलीमेंटेशन'। यानि नक्शे बनाने में भ्रष्टाचार और निर्माण करने में भ्रष्टाचार। निर्माण का भ्रष्टाचार तो भारतव्यापी है। बिना कमीशन लिए कोई सरकारी आदमी कागज बढ़ाना नहीं चाहता। पर डिजाईन का भ्रष्टाचार तो और भी गंभीर है। यानि तीर्थस्थलों के विकास की योजनाऐं बनाने में ही अगर सही समझ और अनुभवी लोगों की मदद नहीं ली जाएगी और उद्देश्य अवैध धन कमाना होगा, तो योजनाऐं ही नाहक महत्वाकांक्षी बनाई जाएंगी। गलत लोगों से नक्शे बनवाए जाएंगे और सत्ता के मद में डंडे के जोर पर योजनाऐं लागू करवाई जाएंगी। नतीजतन धर्मक्षेत्रों का विनाश होगा, विकास नहीं। पिछले तीन दशकों में, इस तरह कितना व्यापक विनाश धर्मक्षेत्रों का किया गया है कि उसके दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं। फिर भी अनुभव से कुछ सीखा नहीं जा रहा। सारे निर्णय पुराने ढर्रे पर ही लिए जा रहे हैं, तो कैसे सजेंगी हमारी धर्मनगरियां? पिछले 24 वर्षों से मैं ब्रज में धरोहरों के जीर्णोद्धार और संरक्षण में जुटा हूं और इसी चिंता में घुलता जा रहा हूं। शोर मचाओ तो लोगों को बुरा लगता है और चुप होकर बैठो तो दम घुटता है कि अपनी आंखों के सामने, अपनी धार्मिक विरासत का विनाश कैसे हो जाने दें? जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, तब से धर्मक्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी उद्देश्य रहा है, इसलिए संघ नेतृत्व को चाहिए कि धर्मक्षेत्रों के विकास पर स्पष्ट नीति निधार्रित करने के लिए अनुभवी और चुने हुए लोगों की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय गोष्ठी बुलाए और उनकी राय लेकर नीति निर्धारण में सकारात्मक योगदान करे। पर इस विषय को राजनीति से अलग रखा जाए। क्योंकि धरोहर किसी एक दल के सत्ता में रहने या न रहने से अपना स्वरूप नहीं बदलती। उनका अस्तित्व सदियों से है और सदियों तक रहेगा। इसलिए धरोहरों के संरक्षण में जुटे लोगों और विशेषज्ञों के प्रति राग द्वेष की भावना से अलग हटकर केवल धरोहरों के हित में ही निर्णय लिए जाएं। नीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए बिना, वांछित सुधार आना असंभव है। फिर तो वही होगा कि 'चौबे जी गए छब्बे बनने और दूबे बनके लौटे'। पर इसमें भी एक खतरा है। क्योंकि जब कभी सरकारी स्तर पर ऐसा विचार-विमर्श करना होना होता है, तो निहित स्वार्थ सार्थक विचारों को दबवाने के लिए या उनका विरोध करवाने के लिए, सत्ता के दलालनुमा लोगों को विशेषज्ञ या समाजसेवी बताकर इन बैठकों में बुला लेते हैं और सही बात को आगे नहीं बढ़ने देते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल्सः 10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच

## अमेरिका से यूरोप तक असर, राजनेताओं-अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है।

इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चौट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्झे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ। पोलैंड, लातविया और तुर्की ने मानव तस्करी के साथ आधिकारिक साठगांठ की जांच के लिए स्पेशल टीमें बनाईं। जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी तस्वीर में प्रिंस एंड्रयू एक महिला के ऊपर घुटनों के बल झुके हुए दिखते हैं। कुछ बड़े नाम सामने आने के बाद उन्हें और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से माफी या अफसोस जताना पड़ा। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट के ईमेल और संवाद सामने आने पर राजशाही स्तर की संस्थागत समीक्षा हुई और उन्होंने सार्वजनिक माफी मांगी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एपस्टीन से मुलाकातों और संवाद पर अफसोस जताया तथा फाउंडेशन के बोर्ड से इस्तीफा दिया। इजरायल के पूर्व पीएम एहुद बराक का नाम न्यूयॉर्क में एपस्टीन के अपार्टमेंट में ठहरने और बैठकों के रिकॉर्ड में आया, जिसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी।



■ एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है, करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है

### एपस्टीन फाइल्स में जुकरबर्ग-मस्क की तस्वीर

**लंदन।** एपस्टीन फाइल्स में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में सिलिकॉन वैली के बड़े टेक दिग्गज साथ में डिनर करते नजर आ रहे हैं। इसमें पेपाल के को-फाउंडर पीटर थील और एमआईटी मीडिया लैब के पूर्व डायरेक्टर जोई इतो भी दिख रहे हैं। यह फोटो साल 2015 की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वही डिनर पार्टी है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 'वाइल्ड डिनर' कहा था। एपस्टीन ने यह तस्वीर अगस्त 2015 में खुद को ईमेल की थी और इसे फ्रेम कराकर अपने न्यूयॉर्क स्थित अपार्टमेंट में लगा रखा था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स के 30 लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे, जिसके बाद से इस मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट की फाइलों के मुताबिक, 2 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अपने दोस्त पीटर एटिया को ईमेल भेजकर लिखा था कि उस रात एलन मस्क, पीटर थील और मार्क जुकरबर्ग के साथ डिनर है।

### पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है।

### एपस्टीन से संपर्क के खुलासाः जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत ने दिया इस्तीफा

**ओस्लो।** नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को 'सही और आवश्यक' बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क 'गंभीर निर्णयात्मक चूक' को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था। मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंडः अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का ऐलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने थाईलैंड के संसदीय चुनाव जीत लिये हैं। चर्नविराकुल ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग द्वारा 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर ली। पीपल्स पार्टी दूसरे स्थान पर रही जबकि फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

### उत्तरी नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में 30 लोगों की मौत

**अबूजा।** उत्तरी नाइजीरिया में बड़े पैमाने पर हुए सड़क हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौ हो गई। यह जानकारी डेली पोस्ट अखबार ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य कानो में घटी। कई लोग घायल हो गए। अखबार ने दुर्घटना का कारण लापरवाही से वाहन चलाना बताया है। खबरों के अनुसार, राज्य के राज्यपाल अल्हाजी यूसुफ ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### तुर्की में एक टन से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त, 144 तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को घोषणा की कि तुर्की पुलिस ने पिछले 10 दिनों में देश भर में चलाये गये अभियानों में 1.24 टन नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 144 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। येरलिकाया ने एक्स पर एक बयान में कहा कि इन छापों के दौरान पुलिस ने 18.3 लाख नशे की गोलियां भी जब्त कीं।

# ट्रेड डील में भारत को मिली बड़ी राहत

## भारत को 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को भी हिस्सा मिलेगा। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प को दोबारा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है। ट्रेड डील को लेकर भारत सरकार ने कहा है कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी उत्पाद ट्रेड डील में शामिल नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि अमेरिका को किन चीजों पर टैरिफ छूट नहीं दी है और किन चीजों को भारत में एंट्री नहीं दी गई है। बिना छिलके वाले अनाज और आटा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, संतरा, अंगूर, नीबू और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां भारत में प्रवेश नहीं करेंगी। अमेरिका से ट्रेड डील पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह लेन-देन का मामला है। अगर मैं कुछ भी नहीं दूंगा, तो अपने किसानों के लिए अमेरिका में बाजार कैसे खोलूंगा? अमेरिकी बाजार खुलने से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। अगर कोई कहता है कि दो पन्नों के संयुक्त बयान में सुरक्षा नहीं है, तो वो गुमराह कर रहा है। अभी कई बातों पर स्पष्टता बाकी है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एनडीटीवी से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा: कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहा: यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है।



■ देश के कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी


### जापान के सत्तारूढ़ एलडीपी की आम चुनाव में एकतरफा जीत

**टोक्यो।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) के गठबंधन ने निचले सदन में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर लिया है। सरकारी प्रसारक एनएचके ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी। एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन ने कुल 352 सीटें जीतीं, जो निचले सदन में पारित लेकिन उच्च सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) द्वारा खारिज किसी विधेयक को पुनः पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से अधिक है। एलडीपी के पास चुनाव से पहले 198 सीटें थीं। पार्टी ने अपने दम पर ही 465 सदस्यीय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया और कुल 316 सीटें जीतीं। वहीं, जूनियर सहयोगी जेआईपी के लिए परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहे। पार्टी ने निचले सदन में अपनी पूर्व 34 सीटों के मुकाबले केवल दो सीटों की बढ़ोतरी की है। एनएचके के मुताबिक, एलडीपी के अकेले बहुमत में होने से गठबंधन में जेआईपी का प्रभाव कम होने की संभावना है।

### ईरान की अमेरिका के साथ बातचीत प्रगति परः पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को अपने देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता को प्रगति पर कहा। उन्होंने ये टिप्पणियां एक्स पर एक पोस्ट में कीं जिसमें उन्होंने शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई अप्रत्यक्ष वार्ता पर प्रकाश डाला।

पेजेशकियान ने कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में मित्रवत सरकारों द्वारा किए गए अनुवर्ती प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं, और इस बात पर बल दिया कि ईरान की हमेशा से ही संवाद द्वारा मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की चुनी हुई रणनीति रही है। इसी बीच, तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची, जिन्होंने शुक्रवार की वार्ता में देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है, साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि अगर वे ईरानी लोगों से बल प्रयोग की भाषा में बात करेंगे तो हम भी उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। हालांकि, अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। शुक्रवार को हुई वार्ता अमेरिका और ईरान के बीच क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच हुई, जिसमें मध्य पूर्व में हाल ही में अमेरिका द्वारा सैन्य जमावड़ा और ईरान द्वारा तैयारियों में तेजी शामिल हैं।



■ अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा



नई दिल्ली। डीटीए तमिल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के मिलने के बाद स्कूल के बाहर खड़े छात्र।

### हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को 20 साल की सजा

**बीजिंग।** हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह जानकारी स्थानीय प्रसारक आरटीएचके ने सोमवार को दी। दिसम्बर 2025 में, हांगकांग उच्च न्यायालय ने लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के तीनों मामलों में दोषी करार दिया था। प्रसारक ने कहा कि लाई को दी गई सजा 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के लिए अब तक की सबसे कठोर सजा है। लाई को अगस्त 2020 में विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत एवं धोखाधड़ी करने के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

# भारत ने सेशेल्स को दिया 17 करोड़ 50 लाख डॉलर का पैकेज

## दोनों देशों ने राजधानी नई दिल्ली में साझेदारी बढ़ाने के लिए संयुक्त विजन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सेशेल्स ने साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने के लिए एक संयुक्त विजन जारी किया जा रहा है और भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसके लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज हम 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज आवास, ई मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं मैं सहयोग करेगा। मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स की साझेदारी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आज हम 'भारत-सेशेल्स संयुक्त विजन' जारी करने जा रहे हैं जो आने वाले वर्षों में परस्पर सहयोग का रोड़मैप बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से, बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा नाता कल, आज, और आने वाले कल का है। एक समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न अंग है। हमारा सहयोग जल, थल और नभ को समाहित करता है। आज की चर्चाओं में हमने इस साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। अपने आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर हम सहमत हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ साथ हम फिन टैक और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे।



■ हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं: सरकार

# यूरेनियम इनरिचमेंट बंद नहीं करेंगेः ईरान

## कहाः डराकर हमसे कुछ नहीं करवाया जा सकता है, अमेरिका की नीयत पर भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं।

तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है। अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती, जैसे कि यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की मौजूदगी, ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है और यह साफ नहीं है कि वाशिंगटन सच में डिप्लोमेटिक हल चाहता भी है या नहीं। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। पश्चिमी देश और इजराइल लंबे समय से आरोप लगाते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता है, लेकिन ईरान इस बात से इनकार करता है। अराघची ने कहा कि ईरान किसी परमाणु बम की तलाश में नहीं है और उसकी असली ताकत बड़ी शक्तियों को 'न' कहने की क्षमता है। इस बीच अमेरिका, ईरान के आसपास लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है। ईरान के साथ अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार जारेड कुशनर ने कुछ समय पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर का दौरा किया था। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह तैनाती सुरक्षा के लिए है और ट्रम्प की 'शांति के लिए ताकत' की नीति का हिस्सा है। ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में न्यूक्लियर मुद्दे पर 6 फरवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प ने इसे 'बहुत अच्छा' बताया था, जबकि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियन ने इसे शांति के लिए 'एक कदम आगे' कहा था।



■ ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है

